www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 337 । भोपाल, गुरुवार, 7 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन पृष्ठ 3
▪ आसमान में सूराख कैसे करेगी कांग्रेस
▪ चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्रियों की पसंद पर ध्यान केंद्रित पृष्ठ 4
▪ अजा आयोग की सचिव पहुंची सीएम राइज स्कूल, देखीं व्यवस्थाएं पृष्ठ 6
ईमानदारी, गंभीरता, कठोर परिश्रम ही आपको अधिकारी साबित करेंगे : सक्सेना पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### अंबेडकर को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन परिसर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संविधान के शिल्पकार कहे जाने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बुधवार को संसद भवन परिसर में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 से

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा और इसमें छह कार्य दिवस होंगे। यह सत्र कई मायने में अहम होगा। सरकार इस सत्र में डोमिसाइल, आरक्षण वृद्धि और एंटी मॉब लिंचिंग बिल फिर से ला सकती है। पूर्व में पारित ये तीनों बिल राज्यपाल अलग-अलग वजहों से लौटा चुके हैं।

### गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिन दहाड़े श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगमेड़ी की हत्या कर देने के मामले की सघन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आज इस मामले की सघन जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एन एम के पर्यवेक्षण में एसआईटी गठित की। श्री मिश्रा ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों अभियुक्त की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज होते ही दोनों अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित होगा और इन अभियुक्तों के बारे में जानकारी देने वालों को पांच-पांच लाख रुपए का इनाम मिलेगा।

### कश्मीर: लश्कर के आतंकवादी सहयोगी की आवासीय भूमि कुर्क

**श्रीनगर, एजेंसी।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में लश्कर-ए-तैयबा के एक कथित आतंकवादी सहयोगी की आवासीय भूमि को कुर्क कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी सहयोगी इरफान अहमद भट के परिवार की 14 मरला आवासीय भूमि को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अष्टेंगू बांदीपोरा में कुर्क किया गया था। अधिसूचना के अनुसार, कश्मीर के संभागीय आयुक्त के पुष्टिकरण आदेश द्वारा इस सप्ताह दो दिसंबर को खसरा नंबर 1441 के तहत 14 मरला भूमि अष्टेंगू तहसील के निवासी मुख्तार भट्ट पुत्र मोहम्मद रमजान भट्ट निवासी (आरोपी के पिता) के नाम पर दर्ज की गई है।

### बिहार में बैंक से 15 लाख लूटकर बदमाश फरार

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में अपराधों का तांडव लगातार बढ़ता ही जा रहा है राज्य के अंदर शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जिस दिन हत्या, लूट और चिंताई की खबरें निकलकर सामने नहीं आती हो। इसी करीब में अब एक ताजा मामला भोजपुर जिला मुख्यालय आरा से निकल कर सामने आया है। जहां एक बैंक के अंदर सात लुटेरे घुस गए। उसके बाद जो हुआ वह अपने आप में एक फिल्मी अंदाज बन गया। दरअसल, आरा के एक्सिस बैंक में साथ लुटेरे बैंक लूटने पहुंचे इसके बाद वह बैंक के अंदर घुसे है तो बैंक के स्टाफ ने चालकी दिखाते हुए। बैंक का शटर बाहर से बंद कर दिया। उसके बाद पुलिस ने बैंक को चारों तरफ से घेर लिया और बाहर से माइकिंग के जरिए अपराधियों को सरेंडर करने को कहा। मिली जानकारी के अनुसार, नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा मोड़ स्थित ऐक्सिस बैंक में बुधवार को हथियार बंद लूटेरे लूटपाट करने की नीयत से घूस गए। सुबह लगभग 11 बजे सात-आठ हथियारबंद अपराधी लूटपाट की नीयत से घुसे। जिसके बाद पुलिस ने बैंक को सामने से घेर लिया। गोलीबारी की आशंका को देखते हुए बुलेट प्रूफ जैकेट भी मंगवा लिए। लेकिन इसी बीच लुटेरे कैश काउंटर से 15 लाख रुपए लूटकर बैंक में ताला मार पिछले रास्ते से भाग गए।

72 घंटे से बिजली नहीं, इंटरनेट भी है बंद

# मिचौंग तूफान से चेन्नई में तबाही, 20 की जान ली

## वायु सेना हेलिकॉप्टर से पहुंचा रही खाना



हेलिकॉप्टर से बाढ़ में फंसे लोगों तक खाना पहुंचाया जा रहा है। तमिलनाडु में तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हुई। चेन्नई शहर पानी में डूब गया, जिससे 20 लोगों की मौत हो गई। राज्य के चेन्नई, चेंगलपट्ठ, तिरुवल्लूर और कांचीपुरम जिलों में स्कूलों में होने वाली छमाही परिक्षाएं पोस्टपोन कर दी गईं। पीएम मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर चक्रवात के चलते जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई। मौसम विभाग के महानिदेशक ने बुधवार को कहा- तूफान मिचौंग कमजोर हो गया है। अब इससे किसी नुकसान का खतरा नहीं है। उधर, साइक्लोन के चलते ओडिशा में बारिश हो रही है।

**चेन्नई, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश तट से टकराया। उससे पहले तूफान ने चेन्नई में काफी तबाही मचाई। यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश हुई। बारिश के चलते कई इलाके पिछले दो दिनों से बाढ़ में डूबे हैं। कई इलाकों में 72 घंटे से बिजली नहीं आ रही, इंटरनेट बंद है। भारतीय वायु सेना के

स्टालिन ने मोदी को लिखा पत्र

### 5 हजार करोड़ से अधिक की मदद मांगी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5,060 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत देने और चक्रवात मिचौंग से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए एक केंद्रीय टीम भेजने की भेजने की अपील की । मिचौंग तूफान के कारण चेन्नई और उसके तीन पड़ोसी जिलों में भारी बारिश हुई। श्री स्टालिन ने कहा कि राज्य सरकार ने भी चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करना शुरू कर दिया है और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी तथा केंद्र सरकार से अतिरिक्त धन का अनुरोध करेगी।

### राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग

लोकसभा में बुधवार को द्रमुक के वरिष्ठ सदस्य टी आर बालू ने शक्तिशाली चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण तमिलनाडु और राजधानी चेन्नई में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण हुई तबाही को देखते हुए इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गयी। श्री बालू ने शून्य काल में कहा कि चक्रवाती तूफान के प्रकोप के कारण तमिलनाडु के कई इलाकों और राज्य की राजधानी चेन्नई में भारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है।

राजगढ़ जिले में कल हुई थी घटना

# बोरवेल से निकाली गई बच्ची की इलाज के दौरान मौत



**राजगढ़/ भोपाल, देशबन्धु।** बोरवेल में गिरी चार वर्षीय बच्ची की बुधवार सुबह भोपाल के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

मंगलवार शाम माही नाम की 4 वर्षीय बच्ची पिपलिया रसोदा गांव में खेत में खुले एक बोरवेल में जा गिरी थी। हुई। राजगढ़ के पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने बताया कि सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी वहां पहुंचे। विशेषज्ञों के एक दल ने करीब 25 फुट गहरायी का एक समानांतर गड्ढा खोदकर उसे बचाया था। उसे देर रात करीब दो बजकर 45 मिनट पर बोरवेल से जीवित बाहर निकाला गया था और पचोर के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिया ने बताया कि इसके बाद बच्ची को करीब 70 किलोमीटर दूर भोपाल में सरकारी हमीदिया चिकित्सालय ले जाया गया जहां सुबह करीब छह बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव बच्ची के परिजनों को सौंपा गया।

प्याज, टमाटर की ऊंची कीमतों का असर

## पिछले माह बढ़ी थाली की कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेज 'थाली' की कीमत अक्टूबर की तुलना में नवंबर में 10 फीसदी बढ़ गई, जबकि प्याज और टमाटर की कीमतें बढ़ने से नॉन-वेज थाली की कीमत केवल 5 फीसदी बढ़ी। क्रिसिल की एक रिपोर्ट में ये बात कही गई है।

नवंबर के दौरान बेमौसम बारिश ने प्याज और टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचाया, जिससे बाजार में दोनों की कमी हो गई और कीमतें बढ़ गईं।


क्रिसिल ने कहा, प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमश: 93 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि के कारण वेज थाली की कीमत साल-दर-साल 9 प्रतिशत बढ़ गई। दालों की कीमत में भी 21 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जिससे वेज थाली की कीमत 9 प्रतिशत बढ़ गई।

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां, चावल, दाल, दही और सलाद होता है। इसकी औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है।

नॉन वेज थाली के लिए, चिकन की कीमत में गिरावट के कारण कीमतों में वृद्धि कम हुई। नॉन वेज थाली में चिकन की लागत कुल लागत का 50 प्रतिशत है। नॉन-वेज थाली में दाल की जगह चिकन ले लेता है जबकि बाकी चीजें वैसी ही रहती हैं। सितंबर की तुलना में अक्टूबर में वेज और नॉन-वेज थाली की कीमत में 1 फीसदी और 3 फीसदी की कमी आई थी। महीने के दौरान आलू, टमाटर और ब्रॉयलर की कीमतों में गिरावट आई थी।

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में विधानसभा चुनाव जीतने वालों ने छोड़ी सांसदी

# तोमर, पटेल सहित 11 सांसदों ने दिया इस्तीफा







**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से चुनाव मैदान में उतरे 11 सांसदों ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। सांसदी छोड़ने वालों में मध्यप्रदेश से केन्द्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल के अलावा राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। श्री तोमर और पटेल के केन्द्रीय मंत्रिमंडल से भी इस्तीफा दिए जाने की खबर है। संसद सदस्यता से इस्तीफा देने वाले छत्तीसगढ़ से अरुण साव, रेणुका सिंह और गोमती साय जबकि राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल हैं। यह सभी अपने-अपने राज्यों में विधानसभा चुनाव जीतकर आए हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 सांसद चुनाव जीते, जबकि 9 हार गए। जीते हुए 12 सांसदों में से 11 ने बुधवार को लोकसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। सिर्फ राजस्थान से चुनाव जीतने वाले बालकनाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया है।

### रेवंत का भी इस्तीफा आज तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे



तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने भी संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रेवंत कल तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजस्थान से बीजेपी की तरफ से सात सांसदों ने चुनाव लड़ा। जिनमें बाबा बालकनाथ, किरोड़ीलाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भागीरथ चौधरी, नरेंद्र खीचड़ और देवजी पटेल शामिल थे। इन सात में से सिर्फ चार ही चुनाव जीत सके। चुनाव जीतने वालों में राज्यवर्धन, बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ीलाल का नाम है। राजस्थान से जिन तीन सांसदों ने इस्तीफा दिया है, वे संसद सदस्यता छोड़कर विधानसभा की सदस्यता लेंगे। पार्टी इन तीनों विधायकों को मंत्री पद दे सकती है। राजस्थान से बाबा बालकनाथ ने सांसद पद से इस्तीफा अभी लोकसभा स्पीकर को नहीं सौंपा है। ऐसे में वह या तो आने वाले दिनों में इस्तीफा देंगे। अगर नहीं देते हैं तो उन्हें विधायक पद छोड़ना पड़ेगा। जहां पर उपचुनाव कराए जाएंगे।

### नए चेहरों को सौंपी जाएगी राज्यों की कमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नए मुख्यमंत्रियों को लेकर तस्वीर अभी साफ नहीं हुई है। लेकिन खबर है कि भाजपा आलाकमान ने नए चेहरों को इन प्रदेशों की कमान सौंपने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल संसद भवन परिसर में संसदीय दल की बैठक होगी।

इस बैठक के बाद राज्यों में पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा की जा सकती है। बताया जाता है कि पार्टी नेतृत्व राज्यों में नए नेतृत्व को बढ़ावा देने पर मंथन कर चुका है और लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भी यह विचार-विमर्श किया जा चुका है कि राज्यों में इन चेहरों आगे लाया जाए। इसे लेकर प्रधानमंत्री श्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच सहमति बन गई है। अब यह पूरी प्रक्रिया के बाद नया नेतृत्व तय किया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि राज्यों में इस बार सबकुछ बदला जाएगा। पर्यवेक्षक राज्यों में जाकर पहले विधायकों से नामों पर रायशुमारी करेंगे फिर केन्द्रीय नेतृत्व को वे अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके आधार पर संसदीय बोर्ड नाम तय करेगा। राज्यों में दोबारा विधायकों की बैठक कर औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री के नामों का ऐलान किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार तीनों ही राज्यों में उपमुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे, ताकि विभिन्न वर्गों के बीच में संतुलन बिठाया जा सके।

कमलनाथ के गढ़ में पहुंचे शिवराज, बोले

# आपने कमलनाथ को बांधे रखा, इसलिए मिली हमें प्रचंड जीत



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम छिंदवाड़ा जीत नहीं पाए, लेकिन यहां के कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ को यहां बांध दिया था। यहां हम सातों विधानसभा सीटें हारे इसलिए मैं आज यहां इस संकल्प के साथ आया हूं कि लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 सीटें भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि पहले हमने प्रदेश में 28 सीटें जीतीं थीं, छिंदवाड़ा की एक सीट अभी बाकी है, इसलिए हमने छिंदवाड़ा से मिशन 29 की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा की सरकार बनाकर ही मैं चैन की सांस लूंगा। मैं शिवराज सिंह चौहान आज छिंदवाड़ा की जनता को विकास की गारंटी का वचन देता हूं। श्री चौहान ने कहा कि लोग कहते थे कि ये कभी नहीं हो सकता...लेकिन 'मोदी जी हैं, तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि आज से हम मध्यप्रदेश में मिशन 29 प्रारंभ कर रहे हैं।

उन्होंने यहां आदिवासी परिवार के घर पर भोजन भी किया। शिवराज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की धरती पर ऐसा चमत्कार हुआ है जो पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा को 48.6 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं जो इतिहास में कभी नहीं मिले। जब हम 173 सीटें जीते थे, तब भी 42 प्रतिशत मत थे, इस बार मत है 48.6 प्रतिशत हैं।

लोकसभा में बोले गृह मंत्री अमित शाह

# जम्मू-कश्मीर ने नेहरू की गलतियों की वजह से समस्याएं झेलीं

- कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना थी गलती
- जम्मू कश्मीर से जुड़े विधेयक लोकसभा में पास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा से जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी मिल गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर से संबंधित जिन दो विधेयकों पर सदन में विचार हो रहा है, वे उन सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाए गए हैं, जिनकी 70 साल तक अनदेखी की गई और जिन्हें अपमानित किया गया। अमित शाह ने देश के पहले प्रधानमंत्री पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर ने जवाहर लाल नेहरू की दो गलतियों की वजह से समस्याओं को झेला है। इनमें पहली संघर्ष विराम की घोषणा और फिर कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना शामिल था। यदि जवाहरलाल नेहरू ने सही कदम उठाए होते, तो पीओके हमारा हिस्सा होता। उन्होंने सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों का दर्द समझते हैं तथा एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने पिछड़ों के आंसू पोंछे हैं।

**लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाए विधेयक :** उन्होंने कहा कि मैं यहां जो विधेयक लेकर आया हूं, वह उन लोगों को न्याय दिलाने और उनका अधिकार दिलाने से संबंधित है, जिनके खिलाफ अन्याय हुआ, जिनका अपमान हुआ और जिनकी उपेक्षा की गई। किसी भी समाज में जो लोग वंचित हैं उन्हें आगे लाना चाहिए, यही भारत के संविधान की मूल भावना है। उन्हें इस तरह से आगे लाना होगा जिससे उनका सम्मान कम न हो। अधिकार देना और सम्मानपूर्वक अधिकार देना दोनों में बहुत अंतर है। इसलिए इसका नाम कमजोर और वंचित वर्ग की बजाय अन्य पिछड़ा वर्ग किया जाना जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों ने इसे कम आंकने की भी कोशिश की। किसी ने कहा कि सिर्फ नाम बदल रहा है। मैं उन सभी से कहना चाहूंगा कि अगर हमारे अंदर थोड़ी सी भी सहानुभूति है तो हमें देखना होगा कि नाम के साथ उनका सम्मान जुड़ा है। ये वही लोग देख सकते हैं जो इन्हें अपने भाई की तरह समझकर आगे लाना चाहते हैं, वे इसे नहीं समझ सकते जो इसे अपने राजनीतिक फायदे के लिए वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते हैं। नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता हैं, जिनका जन्म एक गरीब परिवार में हुआ और आज देश के प्रधानमंत्री बन गए। वे गरीबों का दर्द जानते हैं।

**तो कश्मीरी पंडितों छोड़कर नहीं जाना पड़ता :** उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक उन सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाया गया है, जिनकी 70 साल तक अनदेखी की गई और जिन्हें अपमानित किया गया। करीब 46,631 परिवार और 1,57,967 लोग जम्मू कश्मीर से देशभर में विस्थापित होने को मजबूर हुए, उन्हें न्याय दिलाने के लिए सरकार विधेयक लाई है। अगर वोट बैंक के बारे में सोचे बिना शुरुआत में ही आतंकवाद से निपटा जाता तो कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़कर नहीं जाना पड़ता।

### तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश किया



लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के मंत्री और बीजेपी के कई नेता कश्मीर की बात आने पर पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की अनावश्यक आलोचना करने लगते हैं। कांग्रेस नेता ने यहां तक कहा कि इस मुद्दे पर सदन में एक बार पूरे दिन चर्चा करा ली जाए तो 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा। इस पर शाह ने कहा कि वो ऐसी चर्चा के लिए तैयार हैं।

## सार समाचार

### एफ आई आर कराने ने नाराज बदमाशों ने की युवक के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत ग्राम बरखेड़ाहाट निवासी एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दी। फरियादी युवक से आरोपियों द्वारा एक माह पूर्व शराब के लिए पैसे मांगे गए थे। उसके द्वारा पैसे नहीं देने और तत्समय पुलिस को रिपोर्ट कराने से नाराज आरोपियों द्वारा मंगलवार देर शाम युवक के साथ मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विनोद पुत्र पूरनसिंह कुशवाह ने घायल अवस्था में थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आज से करीब एक माह पहले ा ग्राम नोहर के अभिषेक पुत्र वीरसिंह यादव द्वारा सैनिक पेट्रोल पंप पर जहाँ पर मैं सेल्समैन का काम करता है, उससे पार्टी के लिये पैसे मांगे थे। नहीं देने पर मेरी मारपीट की थी। जिसकी रिपोर्ट उसने थाने पर की थी। उसी बात को लेकर मंगलवार को शाम करीब 4 बजे वह आंगनबाड़ी केन्द्र के पास बरखेड़ा हाट में खड़ा था। तभी वहां सफेद बुलेरो गाड़ी से चार लोग अरूण पुत्र वीरसिंह यादव, अभिषेक पुत्र वीरसिंह यादव, वीरसिंह पुत्र रूपसिंह यादव, और देशराज पुत्र माखन यादव निवासीगण नौहर थाना बजरंगगढ़ के आए और मुझसे बोले कि तूने पहले अभिषेक की रिपोर्ट की थी पार्टी के लिये पैसे नहीं दिये थे। आज हमें पार्टी के लिये तुझसे तीन हजार रूपये चाहिए, जब फरियादी ने मना कर दिया तो चारों ने गाली गलौंच कर मारपीट शुरू करदी। जिसमें फरियादी के खून निकल आया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के खिलाफ सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

**हनुमान चौराहे पर लगाया जाम**



**गुना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में मंगलवार को हुई हत्या के विरोध में राजपूत समाज एवं करणी सेना के कार्यकर्ता बुधवार को सडक़ों पर उतर आए। इस मौके पर गुना के हनुमान चौराहे पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे पर चक्काजाम किया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां भी शामिल हुई। इस दौरान जाम के कारण काफी देर तक बसें एवं अन्य वाहन सडक़ के दोनों ओर खड़े रहे। बाद में करणी सेना एवं राजपूत समाज ने एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमें आरोपियों के एनकाउंटर करने की मांग की गई। इसके पूर्व हनुमान चौराहे प एकत्रित हुए करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए हत्यारों का एनकांउटर की मांग की। इससे चौराहे के चारों तरफ जाम लग गया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं से हट जाने के लिए कहा, लेकिन वे नहीं माने। यहां पुलिस अधिकारियों द्वारा काफी देर तक करणी सेना के पदाधिकारियों को समझाईश दी। इस मौके पर करणी सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि बुधवार को हत्या के विरोध में राजपूतों ने गुना सहित पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया है। यदि हत्या करने वाले दोनों युवकों का एनकांउटर नहीं किया गया तो मप्र बंद कराएंगे। चुनाव के समय बंदूक, रिवाल्वर संबंधित थाने में जमा कराई गई थीं। फिर कहां से युवकों के पास रिवाल्वर आ गई, इसकी जांच की जाए।

इस मौके पर सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि हत्या होने से पूर्व भी कई बार श्री गोगामडी जी को धमकियां दी गई थी। जिसे प्रशासन एवं राजस्थान सरकार द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया। श्री गोगोमेडी जी की सुरक्षा में घोर लापरवाही राजस्थान सरकार एवं प्रशासन द्वारा की गई, जिसके परिणामस्वरुव राजपूत समाज एवं संपूर्ण देश ने एक गौरवशाली व्यक्तित्व को खो दिया। इस घटना से समस्त राजपूत समाज में अत्यंत रोष एवं आक्रोश व्याप्त है संपूर्ण भारतवर्ष में इस निंदनीय। घटना का विरोध किया जा रहा है। अत: प्रशासन एवं भारत सरकार से यही मांग है कि शीघ्र अतिशीघ्र आतंकवादी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के समस्त अपराधियों एवं सरगनाओं के एनकाउंटर/फांसी के आदेश जारी किये जाएं, जिससे श्री सुखदेव सिंह गोगामेडी जी को न्याय दिलाया जा सके। यदि आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जाती है तो संपूर्ण प्रदेश एवं देश में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### क्या है पूरा मामला

बता दें, राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगोड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सभी हत्यारे गोली मारकर फरार हो गए थे। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इसके बाद से ही देशभर में करणी सेना के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## जमीन हंकाने गए नौकर से दंपत्ति ने की मारपीट, दुष्कर्म में फंसाने की दी धमकी

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत कर्माखेड़ी रुठियाई में जमीन हांकने गए नौकर पर पास की जमीन पर कब्जे किए दंपत्ति ने ट्रेक्टर में तोडफ़ोड़ कर हमला कर दिया।

इस दौरान महिला ने खेत मालिक के नौकर को झूठे दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सीताराम पुत्र जीवनलाल शाक्य (55) हाल कर्माखेड़ी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह पिछले 5 सालों से राजेश यादव निवासी गुना की रूठियाई स्थित खेती संभलता है। गत दोपहर वह ट्रेक्टर किराये से लेकर खेत हांकने जा रहा था। यहां खेत के पास सरकारी जमीन पर टपरा डालकर रह रहे मुरारी सहरिया और उसकी पत्नी शारदा सहरिया ने सामने से आकर ट्रैक्टर रोका और गाली गलौंच कर बोले कि यहां तुम्हें खेती नहीं करने देंगे। दोनों ने मिलकर फरियादी के साथ मारपीट की और ट्रेक्टर में आग लगाने की धमकी दी।

इस दौरान महिला ने धमकाते हुए कहा कि दुबारा यहाँ आया तो तेरे पर दुष्कर्म का केस लगा दूंगी। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर धारा 341, 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### जमीन की पुरानी रंजिश पर मारपीट

इधर जिले के मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत रेंज मोहल्ला में पुरानी रंजिश पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी लालराम पुत्र रामलाल सिलावट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात्रि 11 बजे वह अपने घर के बहार गायों को देखने कि लिए आया था। तभी मोहल्ले का बबलू सिलावट आया और पुराने जमीन के विवाद में गाली गलौंच कर लाठी-डंडे से मारपीट कर दी।

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## कस्तूरबा कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ समापन



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव समारोह समापन कार्यक्रम उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुआ। त्रिदिवसीय इस उत्सव में 22 प्रतियोगिताओं में जिले के सभी महाविद्यालय से छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की, जिनमें प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी संभाग स्तर पर जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में भागीदारी करेंगे। प्राचार्य डॉ विनीता जैन के मार्गदर्शन में युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन जैक ठाकुर, अश्विनी शिरोडक़र, वीरेन्द्र ठाकुर, क्षितिजा कोकाटे, दीपमाला जैन, आकृति जैन, रिया जैन, शारदा शर्मा, मेघा जैन, अजमत खान, मुबारिक अली गुनाबी, जैतून नूर, अपूर्व भार्गव, श्रवण कुमार एवट, विष्णु झा, प्रमोद कुशवाह, राकेश जैन ने उपस्थित प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्हे इन प्रतियोगिताओं से सीख कर अपनी प्रतिभा को निखारकर अगले स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।

इन सभी 22 विधाओं को संपन्न कराने में जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना, शासकीय महाविद्यालय आरोन, शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़, शासकीय कन्या महाविद्यालय चांचौड़ा, शासकीय बालक महाविद्यालय चांचौड़ा बीनागंज, शासकीय महाविद्यालय कुंभराज एवं गांधी वॉकेशनल कॉलेज गुना के द्वारा सहयोग दिया गया। युवा उत्सव में मंच सज्जा एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने में पूनम पारीक, के.व्ही बुनकर, अनूप श्रीवास्तव, केके नंदा, आशा बाथम, प्रीति यादव, दिवाकर तिवारी, कीर्ति सोनी, श्रीमती सोनू सिसोदिया, प्रशांत आर्य, जावेद अली, मनोज मीना, अशोक कुमार, एवं मिथुन धाकड़ का विशेष योगदान रहा।

### जिला स्तरीय का परिणाम घोषित

युवा उत्सव में आयोजित 22 विधाओं में प्रतियोगिता सम्पन्न की गई। इन प्रतियोगिताओं में शासकीय पीजी कॉलेज गुना ने एकल गायन पाश्चात्य, एकल गायन शास्त्रीय, एकल शास्त्रीय नृत्य, एकल वादन परकुशन, एकल वादन नान परकुशन, स्पॉट पेन्टिंग, क्ले मॉडलिंग कार्टूनिंग, प्रश्न मंच, वाद-विवाद पक्ष एवं विपक्ष दोनों, वक्तृता, स्किट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय महाविद्यालय कुंभराज ने रंगोली, एक गायन सुगम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ जिला गुना ने कोलाज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय महाविद्यालय आरोन ने पोस्टर निर्माण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना ने समूह गायन भारतीय शैली, समूह नृत्य, नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ है।

## लूट के इरादे से रात के अंधेरे में बाईक सवार पर जानलेवा हमला

**गुना, देशबन्धु।** जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत ग्राम पंजडा में गौशाला के पास एक बाईक सवार व्यक्ति के साथ लूट के इरादे से बदमाशों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। लेकिन पीड़ित द्वारा शोर शराब करने से आरोपी भाग खड़े हुए। मारपीट में फरियादी के हाथ-पैरों में चोटें आई हैं। जिसे परिजनों ने शहर की निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विष्णु बंजारा पिता मांगीलाल बंजारा निवासी रतनपुरा खेडलीडांग थाना जामनेर ने बताया कि वह गत दिवस अपनी मोटर साईकिल से अपने गाँव रतनपुरा खेडलीडांग से ससुराल ग्राम पंजेडा थाना राघौगढ जा रहा था। रात्रि करीब साढे आठ बजे जैसे ही वह ग्राम पंजेडा में गौशाला के पास पहुंचा तो अचानक मेरी मोटर साईकिल की चैन खराब हो गई। जिस पर फरियादी द्वारा बाईक को खड़ी करके उसकी चैन ठीक करने लगा। तभी वहाँ पर दो अज्ञात व्यक्ति हाथ में लाठी डण्डा लेकर आए और गाली गलौंच कर अचानक बिना किसी कारण के हमला कर दिया। अंधेरा होने के कारण वह उन्हें देख नहीं पाया। फरियादी के अनुसार संभवत आरोपियों की नियत लूट की थी। लेकिन उसके द्वारा चिल्लाचोंहट करने के कारण कुछ लोग वहां आ गए और आरोपी भाग खड़े हुए। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे उठाया और अस्पताल लेकर गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर धारा 294, 323, 324, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

## शास्त्री की पुण्य स्मृति में लगा नि:शुल्क मोतियोबिंद शिविर



**गुना, देशबन्धु।** लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा आर्यसमाज गुना में स्व. आदेशमित्र शास्त्री की स्मृति मे निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाविन्द शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. शास्त्री के पुत्र विनय शास्त्री पुत्रवधू बिंदू शास्त्री, पोती हिमांद्री शास्त्री द्वारा चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लायंस नेत्र चिकित्सालय के अध्यक्ष राजेश सिंघल, आलोक अग्रवाल, मदन सोनी, अमरजीत सिंह सलूजा, हरीश रतरा, रमेश खण्डेलवाल एवं समस्त आर्यसमाज स्टाफ द्वारा उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में 198 मरीजों का परीक्षण कर 56 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन निन्शुल्क किए। 7 दिसंबर को गग्रम दीपनाखेड़ा, पथरिया, रन्नौद, डयरवारा में निन्शुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में नेत्र दान की सुविधा उपलब्ध है, जिससे मरणोपरांत नेत्र दान कर किसी के भी आंखो की रोशनी बन सकते है। अभी तक लायंस नेत्र चिकित्सालय में अभी तक 7 पुण्यात्माओं ने नेत्र कर 14 लोगों की जिंदगी में रोशनी प्रदान की।

## कांग्रेस ने दी अम्बेडकर को किया याद, अर्पित की पुष्पांजलि



**आष्टा, देशबन्धु।** बलाक कांग्रेस द्वारा सविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर अम्बेडकर परिसर में बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपल ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब ने जो संविधान भारत को दीया है, उसमे हर वर्ग हर समाज हर धर्म की रक्षा के साथ आजादी से आपने अधिकार से जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है। वहीं कमल सिंह चौहान ने कहा कि आज हम सब को मिलकर इस देश में संविधान को बचाने का काम करना है।

संविधान में रहकर कांग्रेस ने इस देश में प्रगति की साथ ही हमेश हर व्यक्ति को मौलिक अधिकार के साथ जीने का समान अवसर दिए। लेकिन आज देश को भााजपा और आरएसएस के एजेंडे पर चलना चाह रही है। जिसे हम पूरा नही होने देगे। उपरोक्त अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपल ठाकुर, कमल सिंह चौहान, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र शोभाखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, घनाश्याम जांगड़ा, राजकुमार मालवीय, रामचरण दावरिया, डाक्टर एजाज खान, अर्जन सिंह अजय, नवाब बेरी, राजकुमार ठाकुर, बंशी बांबे, सादाब खान, अमजद खान आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**आष्टा, देशबन्धु।** भारत संविधान के रचयिता, भारत रत्न महान समाज सुधारक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि पर अंबेडकर भवन पर पहुंचकर श्रध्या सुमन अर्पित कर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब ने जो कार्य समाज के लिए वो अविस्मरणीय है बाबा साहेब आंबेडकरका नाम आज सम्पूर्ण विश्व में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है उनकी जीवन से सभी को शिक्षा लेनी चाहिए समाज में फैली कुरीतियों पर हम सभी को अंकुश लगाना चाहिए इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल, रूपेश राठौर, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, योगेंद्र सिंह ठाकुर, कल्लू मुकाती तुम्मान पटेल, सुनिल केलीया, संदीप सिंह राजपूत, ललित धारवां, धर्मेंद्र परिहार, आदि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण एवम् कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मादा तेंदुआ को वन विभाग की टीम ने पकड़ा ग्रामीणों की दहशत हुई खत्म



**आष्टा, देशबन्धु।** ग्राम लसुड़लिया पार में ग्रामीणों द्वारा वन्यप्राणी तेन्दुआ के विचरण संबंधी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मौके का निरीक्षण किया गया। जिसमें तेन्दुआ की उपस्थिति के साक्ष्य प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशानुसार तेन्दुआ विचरण वाले क्षेत्र में एक पिंजरा लगाया गया। जिसमें तेन्दुआ को पकड़ने के लिए एक बकरी का मेमना भी रखा गया। बुधवार सुबह को वन्यप्राणी तेन्दुआ पकड़ने के लिए गठित दल द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया, कि पिंजरे के अंदर एक तेन्दुआ बंद हो गया है। पिंजरे में बंद तेन्दुआ का ब्लॉक वेटनरी अधिकारी से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें तेन्दुआ एक मादा तेन्दुआ होकर पूर्ण स्वस्थ्य पाया गया है। रेंजर राजेश चौहान द्वारा बताया गया कि उक्त मादा तेन्दुआ को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वन स्टॉफ के द्वारा अधीक्षक खिवनी अभ्यारण देवास रेंजर खिवनी अभ्यारण, ब्लॉक वेटनरी अधिकारी की उपस्थिति में बीट बड़खोला खिवनी अभ्यारण देवास के जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया, जो कि जंगल में अंदर की तरफ भाग गया। इस कार्यवाही में डिप्टी रेंजर छगन सिंह भिलाला, शैलेष कुमार सिंह, वनरक्षक राहुल परमार, फैसल बर्नी, राजेश जाटव, विजय कुमार वर्मा, देवेन्द्र नायक, जितेन्द्र ठाकुर, कपिल यादव, दिपेश राठौर, स्थायीकर्मी घनश्याम पाण्डे, कैलाश वर्मा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने विश्वविद्यालय का लहराया परचम



**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर से सत्र 2022-23 में राजनीति विज्ञान विषय से एम.ए. कर रही छात्रा श्वेता मालवीय ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया । विगत दिनों विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2022-23 में विवि परिक्षेत्र के 8 जिलों के समस्त महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की विश्वविद्यालय स्तरीय प्रावीण्य सूची घोषित हुई। जिसमें छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्वेता एम.ए. द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययन के दौरान लगातार दो बार यूजीसी नेट की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी है। वहीं दूसरी तरफ महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा पूजा गौर ने एम.पी.सेट (मध्य प्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा) की परीक्षा उत्तीर्ण कर मध्य प्रदेश में असिस्टेंट प्रोफेसर की योग्यता अर्जित कर ली है ।

दोनों छात्राओं के घरों में खुशी का माहौल बना हुआ है। सभी ने उज्जवल दोनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। ज्ञात हो कि राज्य पात्रता परीक्षा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 6 प्रतिशत अभ्यर्थियों को ही पीएससी ने उत्तीर्ण घोषित कर सहायक प्राध्यापक पद की पात्रता प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन, डॉ मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. कालिका डोलस, डॉ. जया शर्मा, डॉ. राजेश बकोरिया, डॉ अनूप सिंह, लखन कालेश्वर, उमेश भावसार, डॉ नीता मिश्रा, अक्षय तिवारी, सुश्री अमिता बैरागी, देव सिंह मालवीय, शिवम सक्सेना, रमाकांत रिछारिया, एवं समस्त महाविद्यालय ने चयनित छात्राओं को गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाईयां देते हुए आगामी परीक्षाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## नागवार गुजरा मासूम बच्ची का खेलना, जेठानी ने कर दी देवरानी से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के मृगवास थानांतर्गत ग्राम मोतीपुा में एक मासूम बच्ची के पानी के बर्तन से खेलना ताऊ-ताई को नागवार गुजरा। उन्होंने बच्ची के उधम से नाराज होकर मां के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादीया अनीता पत्नि नीरज जाति भील ने अपने पति के साथ थाने पहुंचे शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस उसकी 1 वर्ष की छोटी बच्ची अंजली उनकी जेठानी कालीबाई पत्नि मुंशीलाल के पानी के बर्तन के पास खेल रही थी। जिस पर जेठानी कालीबाई बोली कि तुम्हारी बच्ची रोजाना हमारे पीने का पानी खराब कर देती है। कालीबाई से कहा कि वह छोटी बच्ची है वह अभी समझदार नहीं है। इसी बात पर से मेरी जेठानी कालीबाई एवं जेठ कृपाल ने गाली गलौंच कर फरियादिया की डंडे से पिटाई कर दी। जिसमें उसके सिर से खून निकल आया। पुलिस ने फरिदायिा की शिकायत पर आरोपी दंपत्ति पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### कोतवाली पुलिस ने स्थाई वारंटी दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के अपराध क्रमांक 479/22 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 1872/22 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी गौतम रघुवंशी निवासी विन्ध्यांचल कॉलोनी गुना के संबंध में बुधवार को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुये प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

## प्रतियोगिता में विजय हुए दिव्यांग छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**आष्टा, देशबन्धु।** विश्व विकलांग दिवस पर राज्य शिक्षा केन्द्र एवं जिला शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसीसी तरुण कुमार बैरागी द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, ड्राइंग, म्यूजिकल चेयर रेस, 100 मीटर दौड़ एवं अन्य प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, विकासखंड सह समन्वयक अनिल कुमार श्रीवास्तव, सीताराम वर्मा, मूंदड़ा द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। सभी प्रतिभागियों को एम आई एस श्रीमति प्रतिमा भावक द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिए गए कार्यक्रम में बीएसी मनोहर विश्वकर्मा, देवजी मेवाड़ा, मनोज विश्वकर्मा, फूलचंद सांकले श्रीमती शालिनी सारसिया जनशिक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी, रजनीकर महेश्वरी, धर्मेन्द्र ठाकुर, अके सिंह ठाकुर, केदार सिंह परमार, लखन लाल जोमरए, विनोद परिहार, कैलाश परिहार, राकेश परमार, राजेश, सुरेन्द्र, रविन्द्र ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार लेखापाल हरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा व्यक्त किया गया।

# करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

## ढाई घंटे तक लगे जाम में फंसे रहे सैकड़ो वाहन, प्रदर्शनकारियों की पुलिस से हुई झड़प

**भोपाल, देशबन्धु।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में मंगलवार को हुई हत्या के विरोध में प्रदेश भर में राजपूत बुधवार को सड़कों पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन किए। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में करणी सेना के कार्यकर्ता एमपी नगर स्थित ज्योति टाकीज चौराहे पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी कर हत्यारों के एनकांउटर की मांग करते रहे और फिर जाम लगा दिया। यह सब करीब ढाई घंटे तक चलता रहा। इस दौरान सैकड़ों वाहन चालक जाम में फंसे रहे।

करणी सेना के कार्यकर्ता सुबह 11 बजे से सड़क पर धरना देकर बैठ गए। इससे चौराहे के चारों तरफ मार्गों पर जाम लग गया। चेतक ब्रिज, अन्ना नगर मार्ग, आइएसबीटी, बोर्ड आफिस चौराहा, एमपी नगर जोन-एक व दो सहित रचना नगर रेलवे अंडर ब्रिज तक



वाहनों की कतारें लग गई। प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से सड़क से हट जाने के लिए कहा, लेकिन वे नहीं माने। पुलिस अधिकारी आधे घंटे तक करणी सेना के पदाधिकारियों को समझाते रहे। इसके बाद कहीं जाकर सिटी बसों में बैठे यात्रियों की परेशानी के देखते हुए बसों को निकलने दिया। लेकिन जैसे ही अन्य वाहन जाने लगे तो करणी सेना के कार्यकर्ता भड़क गए और सड़क पर लेट गए। इससे सैकड़ों दो व चार पहिया वाहन चालक जाम फंसे रहे।

नाराज करणी सेना कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन के दौरान गाड़ियों के पुराने टायर साथ में लाए थे। सड़क पर टायर भी जलाए। इस बीच पुलिस व प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। प्रदर्शन के दौरान एडीएम प्रकाश सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें सड़क से जबरन उठाकर गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सकी। इस दौरान करणी सेना के भोपाल महानगर के अध्यक्ष कृष्णा बुंदेला ने कहा राजपूत समाज के गौरव सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या साजिश के तहत की गई है। यदि गोगामेड़ी की हत्या करने वाले दोनों युवकों का एनकांउटर नहीं किया गया तो मप्र बंद कराएंगे।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग इलाके में रहने वाली नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बताया गया है कि एक महीने पहले उसके पति ने उसे बेरहमी से पीटा था। इसके बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि उपचार के बाद अस्पताल से उसकी छुट्टी कर दी गई थी। लेकनि 26 नवंबर को महिला की दोबारा तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और यहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि तबस्सुम बी पत्नी अकबर अली उम्र 32 वर्ष निवासी इंद्रा नगर कॉलोनी गृहिणी थी। चार साल पहले उसकी शादी कैटरिंग ठेकेदारी करने वाले अकबर से हुई थी। दोनों की ढाई साल की एक बेटी अनाबिया है। दोनों के बीच छोटी-मोटी बातों पर आए दिन विवाद होते थे। पिछले महीने 7 नवंबर को अकबर ने पत्नी तबस्सुम को पीट दिया था। उसकी गर्दन पर चोट लगी थी। इसके बाद वह मायके चली गई थी। वहीं उसकी शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। उधर अस्पताल से उपचार के बाद महिला की छुट्टी हो गई थी। लेकिन 26 नवंबर को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाई बोला -बहनोई ने मार डाला

उधर मृतका के भाई समीर के आरोप हैं कि बहनोई अकबर मेरी बहन को आए दिन पीटता था। घर से रकम लाने का दबाव बनाता था। घर खर्च भी मायके से लाने की बात कहता था। यहां तक की गैस सिलेंडर खाली होने पर वह भी मायके में भरवाने के लिए भेज दिया करता था। 7 नवंबर को बहन ने पति से बच्ची के लिए दूध लाने की बात कही थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। इस पर अकबर ने बहन को पीटा और उसकी गर्दन दबा दी। साथ ही तकिए से उसके मुंह को दबाया गया था। इतना ही नहीं बदहवास हालत में बहन को घर छोड़कर भाग गया था। चोट होने के कारण बहन की गर्दन की एक नस धीरे -धीरे सूज गई। उसकी गर्दन में नीलापन आने लगा था। उसके सिर को भी दीवार में मारा गया था, जिससे सिर में खून जम गया था। मारपीट के कारण बहन की तबीयत बिगड़ती गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मानव अधिकार दिवस पर सेमिनार 10 को

**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र मानव अधिकार आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर 10 दिसंबर को बंदियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का अधिकार मानव अधिकार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन अकादमी के सभागार में होने वाले इस सेमिनार के मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी और विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजाय पॉल होंगे, जबकि मप्र मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर उच्चन्यायालय की ग्वालियर खण्डपीठ के न्यायमूर्ति संजीव एस कालगांवकर व अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा विशेष्ज्ञ अतिथि और लेडी श्रीराम कालेज नई दिल्ली के पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वर्तिका नन्दा विषय विशेषज्ञ के रुप में उपस्थित रहेंगी।

# जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 8 जनवरी को, सरगर्मियां बढ़ीं

**भोपाल, देशबन्धु।** जिला अभिभाषक संघ के चुनाव आठ जनवरी को होंगे। इसको लेकर जिला अदालत में इन दिनों चुनाव की सरगर्मियां बढ़ गई हैं। इस बार भी मुख्य चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी अधिवक्ता रवीन्द्र तिवारी ने संभाल रखी है।

एडवोकेट तिवारी के मुताबिक जिला अभिभाषक संघ के चुनाव की तैयारी 25 नवंबर से शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में चार दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण भी किया जा चुका है। आठ दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 11 एवं 12 दिसंबर को नामांकन फार्म का वितरण होगा। 12 दिसंबर को नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। 18-19 दिसंबर को नामांकन फार्म की जांच होगी। 20-21 दिसंबर को नामांकन फार्म वापस लिए जा सकेंगे। 22 दिसंबर को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। 23 दिसंबर से एक जनवरी तक अदालत में शीतकालीन अवकाश रहेगा। चार एवं पांच जनवरी को टेंडर वोटिंग होगी। आठ जनवरी को मतदान होगा। नौ से 10 जनवरी तक मतगणना होगी एवं परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। 12 जनवरी को नई कार्यकारिणी पदभार ग्रहण कर लेगी। बता दें कि भोपाल जिला अभिभाषक संघ में 4 हजार 220 अधिवक्ता पंजीबद्ध हैं।

## आवेदन आमंत्रित 11 तक

**भोपाल, देशबन्धु।** संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा भोपाल ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण शाला भोपाल में एक दिसंबर से 15 फरवरी तक होने वाले भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के आहरण संवितरण अधिकारियों के लेखा प्रशिक्षण सत्र में आवेदन की तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दी गई है। भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, रायसेन, बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम जिलों के आहरण संवितरण अधिकारियों से कहा है कि वे लेखा प्रशिक्षण के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन पत्र 11 दिसंबर तक लेखा प्रशिक्षण शाला भोपाल को प्रेषित करें।

# मंगेतर ने युवती से किया बलात्कार

**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर इलाके में रहने वाली एक युवती ने मंगेतर के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया है कि आरोपी ने शादी तय होने के बाद पीड़िता के साथ संबंध बनाए थे। लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। उसका का पटवारी परीक्षा में चयन हो गया है।

पुलिस ने बताया कि मूलत: नर्मदापुरम जिले की रहने वाली 24 वर्षीय युवती अपने माता-पिता के साथ अयोध्या इलाके में किराए का मकान लेकर रहती है। वह पूर्व में एक कॉल सेंटर में काम करती थी। इसी बीच जून माह में उसका रिश्ता सोहागपुर जिला नर्मदापुरम निवासी विजय अहिरवार नाम के युवक से तय हुआ था। रिश्ता होने के बाद युवक 23 अक्टूबर को युवती से मिलने उसके घर पहुंचा था। जहां पर उसने युवती के अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और जल्द शादी करने का वादा किया। लेकिन हाल ही में विजय ने युवती से शादी करने से इनकार कर दिया। इस पर पीड़िता ने थाने पहुंच कर शिकायत की थी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम रवाना की है।

## हत्या के प्रयास के मामले में जेल जा चुकी है पीड़िता

पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि युवती ने वर्ष 2020 में नर्मदापुरम जिले के एक थाने में एक युवक के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज कराया था। इसके बाद वर्ष 2021 में भोपाल पुलिस ने उसे एक कैब चालक पर हुए जान लेवा हमले के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद युवती को कुछ समय जेल में रहना पड़ा था। बताया जा रहा है कि युवती के बारे में पता चलने पर युवक ने शादी से इनकार किया है।

# होटल संचालक के घर चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

## 2 लाख का माल बरामद

**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर पुलिस ने होटल संचालक के घर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 10 हजार रुपए कीमत का माल बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक अर्पित जैन 28 ईडब्ल्यूएस फेस-5 अयोध्या नगर में रहते हैं और होटल का संचालन करते हैं। बीती 27 नवंबर को वह घर पर ताला लगाकर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए लालघाटी चले गए थे। 29 नवंबर की सुबह करीब दस बजे पड़ोसी ने फोन करके बताया कि आपके घर का ताला टूटा है। वह घर पहुंचे तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था और सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। मंगलवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने चोरी की इस वारदात में शामिल आरोपी अमन बरार उम्र 24 वर्ष निवासी नगर निगम कालोनी छोला रोड, प्रकाश मेहरा उम्र 30 वर्ष निवासी लीलाधर कालोनी छोला रोड और अभिषेक मीणा उम्र 28 वर्ष निवासी शिवशक्ति नगर छोला मंदिर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक सोने की चैन, एक सोने का हार, एक सोने का मंगलसूत्र और लाकेट, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल, 6 नग चांदी की बिछिया समेत कुल 2 लाख 10 हजार रुपये का सामान जब्त हुआ है।

# एसपीएस साकेत नगर की टीम बनी इंटर स्कूल चैम्पियन



**भोपाल, देशबन्धु।** सागर पब्लिक स्कूल कटारा एक्सटेंशन द्वारा आयोजित सागर स्पोर्ट्स स्पेक्टिकल इंटर स्कूल फुटसाल टूर्नामेंट सागर पब्लिक स्कूल (एसपीएस ) साकेत नगर की टीम चैम्पियन बनी

टूर्नामेंट में (अंडर-12 बालिका वर्ग) का पहला सेमी फाइनल मैच च्द संस्कार वैलीज् स्कूल और सागर पब्लिक रोहित नगर बीच हुआ, जिसमें रोहित नगर की टीम 1-0 से विजयी रही। दूसरा मुकाबला द संस्कार वैली स्कूल और सागर पब्लिक साकेत नगर में हुआ, जिसमें सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर की टीम ने द संस्कार वैली स्कूल की टीम को 2-1 से हराते हुए जीत हासिल की। दोनों सेमी फाइनल जीती सागर पब्लिक स्कूल रोहित नगर एवं साकेत नगर शाखा के बीच फाइनल मैच हुआ। सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। बालिकाओं की स्पर्धा में सागर पब्लिक स्कूल रोहित नगर की अनन्शा व्यास ने तीन गोल करते हुए बेस्ट स्ट्राइकर का खिताब अपने नाम किया।

वहीं बालकों के सेमी फाइनल-1 मैच में द संस्कार वैली और सागर पब्लिक साकेत नगर की टीम आमने-सामने रही, जिसमें द संस्कार वैली स्कूल को मात देते हुए सागर पब्लिक साकेत नगर ने 2-0 से मैच जीता। सेमी फाइनल-2 में सागर पब्लिक स्कूल रोहित नगर और सागर पब्लिक स्कूल गांधी नगर की टीम में हुआ, जिसमें सागर पब्लिक स्कूल गांधी नगर ने 4-1 से जीत दर्ज की। फाइनल मैच सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर और सागर पब्लिक स्कूल गांधी नगर की टीम के बीच हुआ, जो रोमांचक रहा। सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर प्रतिद्वंदी टीम को 3-1 से हराते हुए विजयी घोषित हुआ। स्कूल की प्रिंसिपल ने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

## स्केटर मासूमा ने जीते 3 स्वर्ण पदक




**भोपाल, देशबन्धु।** स्कूल षिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित 67वीं संभागीय शालेय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता, ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, में हुई। इस प्रतियोगिता में अन्डर-19 कन्या समूह वर्ग, इनलाईन स्केटिंग स्पर्धा में स्केटर सैय्यदा मासूमा फातिमा ने तीन स्वर्ण पदक जीते। अन्डर-17 कन्या समूह वर्ग, क्वाड्स स्केटिंग स्पर्धा में सैय्यदा तय्यबा ने दो रजत पदक जीते। पदकों के आधार पर दोनों स्केटर्स का चयन 67वीं राज्य स्तरीय शालेय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिये हुआ। मासूमा एवं तय्यबा को यह पदक ज़िला खेल अधिकारी जीएस धुर्वे ने प्रदान किये। मासूमा टी.टी. नगर स्टेडियम के स्केटिंग कोच साजिद खान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# मिठी गोविंदराम स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पदक

**भोपाल, देशबन्धु।** गोवा में आयोजित 7वें एसकेआईए इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वर्ण सहित तीन पदक प्राप्त किए है। विद्यालय के कोच दीवान आहूजा के नेतृत्व में विद्यार्थी हार्दिक आसवानी ने काता एवं कुमिते में क्रमश: स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक प्राप्त किए । उनका चयन ब्लैक बेल्ट के लिए हुआ है। इसी क्रम में जिनेम जैन, अर्नव जैन, प्रांजल जैन, शिवांश सिंह एवं कार्तिक चेतवानी ने कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। इंटरनेशनल चैंपियनशिप में विजेता होने पर सिद्ध भाऊ ने प्रतिभाशाली छात्र एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की है। संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव एसी साधवानी, सह-सचिव केएल रामनानी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, अकादमिक डारेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवानदास बाबानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उप-प्राचार्या आशा चंगलानी एवं शिक्षकगण ने खेल में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विजयी छात्रों को असीम शुभकामनाएं देते हुए उनके दीप्तिमान जीवन की मंगलकामना की।



## अवैध मांस दुकानों पर कार्रवाई आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में अवैध या फिर लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन कर संचालित की जाने वाली मांस दुकानों का जांच अभियान गुरुवार से शुरू होगा। इसके लिए नगर निगम ने जोन स्तर पर सूची तैयार की है। यह कार्रवाई 6 जनवरी तक चलेगी। नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. के निर्देश पर गुरुवार को जोन नंबर-1 एवं 20 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में मांस दुकानों की जांच की जाएगी। 13 दिसंबर को जोन क्रमांक-12 एवं 13, 16 दिसंबर को जोन क्रमांक-3 और 4, 20 दिसंबर को जोन क्रमांक-2, 5 एवं 21, 23 दिसंबर को जोन क्रमांक-6 एवं 8, 27 दिसंबर को जोन क्रमांक-7 एवं 10, 30 दिसंबर को जोन क्रमांक-9 एवं 11, 3 जनवरी को जोन क्रमांक-14 एवं 15, 6 जनवरी को जोन क्रमांक-16, 17, 18 एवं 19 के अंतर्गत मांस दुकानों की जांच की जाएगी।। दुकानों में लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने अथवा बिना लायसेंस के मांस बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल हैण्डलूम एक्सपो में सुरशंकरा समूह ने दी प्रस्तुति



**भोपाल, देशबन्धु।** सन्त रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा नेशनल हैण्डलूम एक्सपों का आयोजन विकास आयुक्त (हाथकरघा) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भोपाल हाट परिसर में 17 दिसम्बर तक किया जा रहा है। एक्सप्रो में भारत के विभिन्न राज्यों से आयु बुनकर, शिल्पियों द्वारा हथकरघों,हस्तशिल्प सामग्री के स्टॉल उपलब्ध है।

इस एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यो की बुनकर समितियां अपनी हैण्डलूम वस्त्र के स्टॉल लगाये हुये है। इनमें पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, उत्तरप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बुनकर हैण्डलूम वस्त्र लेकर आये है। पश्चिम बंगाल कोलकाता से आये बुनकर रंजन कुमार ने बताया उनके पास साड़ियों की अच्छी खासी श्रंखला है। इनमें कांथा वर्क एवं बालचेरी वर्क में अनेक किस्में है जिसे भोपाल में लोग खूब पसंद कर रहे है। अब तक सौ से अधिक बुनकरों को स्टॉल प्राप्त हो चुके है। वहीं एक्सप्रो स्थल पर प्रतिदिन सांस्कृकि कार्यक्रमों के आयोजन भी हो रहे है। इसी कड़ी में सुरशंकरा समूह के कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर श्र प्रबंध संचालक, सह आयुक्त, हथकरघा ीमति सुफ्यिा फारूकी वली ने कहा कि प्रयास है की नेशनल हेण्डलूम एक्सपों में आये बुनकरों की कला संस्कृति को बढ़ावा मिले एवं भोपालवासियों पूरे भारत की कला को देखने परखने एवं खरीदने का अवसर प्राप्त हो।

**न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना टी.टी.नगर भोपाल म.प्र.**
(शेड नं. 06, बारह दफ्तर,जवाहर चौक,भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 0020 /अ-3/23-24
**इश्तहार**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरुण गोयनका पुत्र श्री एस.पी. गोयनका निवासी भोपाल द्वारा ग्राम - खुदागंज स्थित भूमि खसरा नंबर 72/2/1/2, 73 रकबा 0.0520 हे. एवं खसरा नंबर 79/1/1/1/2, 80 रकबा 0.0520 हे. भूमि का अक्श बटान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 21/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल तहसील टी.टी.नगर जिला भोपाल(करूणा दंडौतिया)**
तहसील टी.टी.नगर भोपाल म.प्र.
प्रकरण क्रमांक 0191/अ-6/2023-24
**सार्वजनिक नोटिस**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम सिंह वडेज आ. सविन्दर सिंह वडेज निवासी- भोपाल द्वारा ग्राम - चन्दनपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 96/2/1/1/1/1/12 के क्षेत्रफल 0.093 हे.का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सविन्दर सिंह वडेच आत्मज दीवार सिंह वडेच के नाम दर्ज है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 18.12.2023 भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना टी.टी.नगर भोपाल म.प्र.**
(शेड नं. 06, बारह दफ्तर,जवाहर चौक,भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 0190 /अ-3/23-24
**सार्वजनिक नोटिस**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम सिंह वडेज आ. सविन्दर सिंह वडेज निवासी- भोपाल द्वारा ग्राम - चन्दनपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 96/2/1/1/1/1/12 के क्षेत्रफल 0.093 हे. का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सविन्दर सिंह वडेच आत्मज दीवान सिंह वडेच के नाम दर्ज है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल तहसील टी.टी.नगर जिला भोपाल(करूणा दंडौतिया)**
तहसील टी.टी.नगर भोपाल म.प्र.
प्रकरण क्रमांक 0192/अ-6/2023-24
**सार्वजनिक नोटिस**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम सिंह वडेज आ. सविन्दर सिंह वडेज निवासी- भोपाल द्वारा ग्राम - चूना भट्टी स्थित भूमि खसरा नंबर 44/1/2/11 के क्षेत्रफल 0.279 हे. का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है । आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में मो. रियाज सिद्दीकी मो. जाफर सिद्दीकी एवं अन्य के नाम दर्ज है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना, भोपाल**

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 7 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# किताब के बहाने डॉ कफील को घेरने की कोशिश

साल 2017 में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण बच्चों की मौत के बाद चर्चा में आए डॉ कफील खान एक बार फिर सुर्ख़ियों में हैं। उनके और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ उस किताब को लेकर मामला दर्ज किया गया है, जो डॉ कफील ने दो साल पहले 'द गोरखपुर हॉस्पिटल ट्रेजेडी : अ डॉक्टर्स मेमॉयर ऑफ़ अ डेडली मेडिकल क्राइसिस' शीर्षक से लिखी और प्रकाशित करवाई थी। लखनऊ के एक व्यापारी मनीष शुक्ला ने पुलिस को की गई अपनी शिकायत में कहा है कि इस किताब के जरिए राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने और केंद्र के खिलाफ बातें कही गई हैं। शुक्ला ने आरोप लगाया है, कि लोगों को सरकार के ख़िलाफ़ भड़काने और समाज में विभाजन पैदा करने के लिए डॉ. कफ़ील ख़ान द्वारा लिखी गई किताब बांटी जा रही है।' भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम के उल्लंघन के तहत दर्ज शिकायत के अनुसार, डॉ. कफील खान की किताब उनके समर्थकों को 'धन जुटाने और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये बेची जा रही है।'

एक खबरिया वेबसाइट के मुताबिक मनीष शुक्ला ने बताया है कि उसने चार-पांच लोगों को फोन पर इस साज़िश के बारे में चर्चा करते हुए सुना। जबकि दूसरी वेबसाइट ने शिकायत का संदर्भ देते हुए लिखा है कि मनीष शुक्ला 1 दिसंबर को किसी काम से माताजी की बगिया गए थे। वहां गुमटी के पीछे चार-पांच लोग बातचीत कर रहे थे। वे सभी राज्य सरकार, उनके मंत्रियों व वरिष्ठ अफसरों को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। वे कह रहे थे कि 'डॉ कफील ने गुप्त रूप से एक किताब छपवाई है, उसे प्रदेश भर में बांटा जा रहा है। वे लोग को किताब लोकसभा चुनाव से पहले समुदाय विशेष के हर शख्स तक पहुंचाने की बात कर रहे थे और कह रहे थे कि किसी भी कीमत पर सरकार को उखाड़ फेंकना है, चाहे इसके लिए दंगा ही क्यों न करवाना पड़े।' शुक्ला ने कहा कि साजिश करने वाले अपनी बातें सुने जाने की भनक लगते ही मौके से भाग खड़े हुए। इस प्रकरण पर आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर- जो खुद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं, ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि जानबूझकर परेशान करने के लिए यह एफआईआर दर्ज की गई है और कई ऐसी धाराएं लगाई गई है जो स्वयं मामला दर्ज करने के लिए दी गई तहरीर से ही नहीं बनती हैं। इनमें कूटरचना से जुड़ी धाराएं, 465, 467, 471 और किसी पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त करने से जुड़ी धारा 295 शामिल है।

श्री ठाकुर ने कहा कि किताब को चोरी-छिपे छपवाये जाने का आरोप भी पूरी तरह गलत दिखाई पड़ता है क्योंकि वह तो ऑनलाइन उपलब्ध है। ऐसा मालूम होता है कि सत्ताधारी पार्टी के विरोध में पुस्तक लिखने के कारण डॉ. कफील के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है। कृष्णा नगर थाने के एसएचओ जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी कहा कि अभी तक किताब में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष और एसएचओ- दोनों के कथन से साफ़ है कि डॉ. कफील को फिर बलि का बकरा बनाने की कोशिश की जा रही है। वेबसाइट 'द क्विंट' से बातचीत में डॉ कफील खान ने कहा भी कि 'आप देखिए, चुनाव आ रहे हैं और एक पंचिंग बैग की ज़रूरत है। वे ज़ाहिर तौर पर फिल्म के लिए शाहरुख़ खान को तो नहीं छू सकते, लेकिन मेरे ख़िलाफ़ तो कार्रवाई कर सकते हैं।' मालूम हो कि डॉ. कफील ने कुछ दिन पहले ही शाहरुख खान की फ़िल्म जवान का एक हिस्सा अपनी किताब से प्रेरित बताया था और उसके लिये शाहरुख को धन्यवाद भी दिया था।

ये पहली बार नहीं है जब सरकार से असहमत या उसके विरोधी किसी व्यक्ति के ख़िलाफ़ केवल शक या सुनी सुनाई बातों की बिना पर कार्रवाई कर दी गई हो। खुद डॉ कफील अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में महीनों जेल में रहे और फिर अदालत ने बाइज्ज़त उनकी रिहाई का हुक्म दिया। अभी भी कई मामले उनके ख़िलाफ़ चल रहे हैं। सवाल ये है कि उनकी किताब जब दो साल से ऑनलाइन ही सही, बाज़ार में है और ऐसी है कि उससे किसी सरकार को ख़तरा पैदा हो सकता है तो इतने दिन प्रशासन और पुलिस चुप क्यों बैठे रहे? जिस देश में ज़रा ज़रा सी बात पर लोगों की भावनाएं आहत होने के मामले फ़ौरन कायम हो जाते हैं, सरकार के ख़िलाफ़ बोलने वालों को नक्सली या आतंकवादी बता दिया जाता है, क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे देश की जीत पर लोग बिना देर किये गाली-गलौज करने लगते हैं और उस देश की टीम के कप्तान की पत्नी और बेटी से बलात्कार की धमकी देने लगते हैं, वहां एक 'ख़तरनाक' किताब को दो साल तक क्यों बर्दाश्त किया जाता रहा? क्या शिकायत करने वाले ने उस किताब को खुद पढ़ा भी है या महज खुसुर-पुसुर सुनकर उसने किताब के बारे में धारणा बना ली? या फिर शुक्ला जी को शरलक होम्स समझकर उनकी बात को सच मान लिया गया? कहीं ऐसा तो नहीं कि डॉ. कफील को ताउम्र सलाखों के पीछे न रख पाने की खुन्नस उनकी किताब के बहाने निकाली जा रही हो?

# आसमान में सूराख कैसे करेगी कांग्रेस

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

छह दिसंबर 1992 का दिन था, जब ऐतिहासिक बाबरी मस्जिद को तोड़कर, भाजपा की सत्ता की नींव देश में मजबूती से रख दी गई थी। अब उस जगह पर भव्य राम मंदिर बन कर लगभग तैयार है, जिसका उद्घाटन कर अगले कई दशकों तक भाजपा अपनी सत्ता को पक्का बना लेना चाहती है। 1956 के बाद 1992 को बाबा अंबेडकर की दोबारा मौत हुई थी। एक बार स्वाभाविक मृत्यु आने के बाद, दूसरी बार बाबा साहब के सपनों को कुचलकर मौत देने से उन्हें कितनी तकलीफ हुई होगी, यह बताने के लिए वे भौतिक तौर पर उपस्थित नहीं हैं। लेकिन आसपास नजर उठाकर देख लीजिए, गैरबराबरी के शिकार लोगों की तकलीफें उसी पीड़ा को अभिव्यक्त करेंगी, जो डॉ.अंबेडकर और पूरी संविधान सभा के लोगों को हुई होगी। छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद प्रत्यक्ष तौर पर तोड़ी गई थी, मगर उसके साथ-साथ संविधान को भी तहस-नहस किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा और यहां तक कि कांग्रेस में भी बहुत से लोग होंगे, जो इस दिन को भारत के लिए गौरवशाली मानते होंगे, मगर आने वाली पीढ़ियां शायद इस बात को समझेंगी कि संवैधानिक मूल्यों को सहेज कर न रख पाने की कितनी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है।

अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म हुए हैं और इसके बाद आम चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। पांच में से तीन राज्यों में जीत कर भाजपा अब हैट्रिक की बात करने लगी है। ये हैट्रिक तीन राज्यों की जीत की नहीं, बल्कि सत्ता में लगातार तीसरी बार आने के लिए कही जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो इस बार लालकिले से ही ऐलान कर दिया था कि मैं ही अगली बार भी झंडा फहराने आऊंगा। तब विधानसभा चुनाव होने वाले थे और उससे पहले कर्नाटक में भाजपा मात खा चुकी थी, फिर भी श्री मोदी इस तरह के दावे कर रहे थे और अब तो तीन जीतों के साथ यह दावा और पुख्ता हो गया है। हालांकि ये बात तब भी लोकतंत्र के खिलाफ थी और अब भी है कि बिना चुनाव हुए ही, किसी की जीत या सत्ता वापसी की मुनादी कर दी जाए।

दरअसल अब चुनाव में प्रचार और रणनीतियां जमीनी तौर पर कम और दिमागी तौर पर अधिक असर करने वाली बनाई जाने लगी हैं। यह हिटलर के सहयोगी गोएबल्स का तरीका है कि किसी झूठ को सौ बार दोहराओ तो वो सच लगने लगता है। इस समय देश में भी झूठ और सच सब आपस में गड्ड-मड्ड हो गए हैं। फिलहाल सच यही है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस का शोर होने के बावजूद भाजपा जीत गई है। बताया जा रहा है कि इस जीत पर अंदरखाने भाजपा के लोगों को भी यकीन नहीं हो रहा है। मध्यप्रदेश में पिछली बार भी कांग्रेस की जीत हुई थी और उसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण सत्ता हाथ से निकल गई थी। कांग्रेस को उम्मीद थी कि इस सत्ता चोरी का जवाब जनता उसके हक में देगी। खुद श्री सिंधिया के साथ गए कई पूर्व कांग्रेसियों ने घरवापसी कर ली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेने से बचते रहे। जब उम्मीदवार खड़े करने की बारी आई तो भाजपा ने सात सांसदों को मैदान में उतारा। इस बीच आदिवासी पेशाब कांड, महाकाल में मूर्तियों का गिरना, तरह-तरह के घोटाले और धांधलियों के कारण भाजपा की छवि खराब हुई। इन सबसे यही समझ आ रहा था कि जीत कांग्रेस को ही मिलने वाली है। लेकिन कांग्रेस की यह उम्मीद झूठी साबित हुई। या तो कांग्रेस अतिआत्मविश्वास और कमलनाथ पर यकीन करने का शिकार हो गई, या फिर जैसा आरोप लगाया जा रहा है ईवीएम की गड़बड़ी के कारण उसे हार मिली। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ईवीएम में धांधलियों की शिकायत कर रहे हैं। लेकिन एक सच ये भी है कि मध्यप्रदेश में नरोत्तम मिश्रा जैसे नेता भी हार गए हैं। तो क्या ईवीएम की गड़बड़ी भी सोच-समझकर की गई है। ईवीएम को लेकर शिकायतें एक साल की बात नहीं है, हर साल, हर चुनाव में ईवीएम पर कई सवाल उठते हैं। चुनाव आयोग इस पर अडिग है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हो सकती। भाजपा भी ईवीएम को लेकर सकारात्मक है, लेकिन कांग्रेस को शिकायत है और उसे लोकतंत्र पर ईवीएम से खतरा दिखाई दे रहा है तो फिर इस पर केवल रोना रोने से बात नहीं बनेगी। कांग्रेस को जमीन पर उतरकर बड़ा आंदोलन करना चाहिए। और इसका भी जिम्मा राहुल गांधी पर न छोड़कर उन नेताओं को सामने आना चाहिए, जिन्होंने सालों-साल कांग्रेस की सत्ता का सुख भोगा है। अन्ना हजारे से और कोई सबक कांग्रेस ने भले न लिया हो, शहीद होने की मुनादी करते हुए आंदोलन खड़ा करने का सबक तो ले ही लेना चाहिए। अन्ना तो गांधी के नाम को भाजपा के हक में इस्तेमाल कर गए और कांग्रेसी हाथ मलते रह गए। ईवीएम की जगह मतपत्रों से चुनाव करवाने की मुहिम छेड़ते हुए अगर अभी से आमरण अनशन पर बड़े कांग्रेस नेता बैठ जाएं, तो क्या इसका असर देश भर में नहीं जाएगा। राहुल गांधी ने तो 4 हजार किमी कदमों से नाप लिए, क्या दूसरे कांग्रेस नेता आमरण अनशन करने का कष्ट नहीं उठा सकते। अगर केवल समय बिताने के लिए शिकायतें करनी हैं, तब तो कोई बात नहीं। लेकिन अगर वाकई सूरत बदलनी है, आसमान में सूराख करना है तो पत्थर तबियत से उछालना ही होगा।

> **कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है।**

मध्यप्रदेश में भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने के साथ छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी सरकार बनाने में कामयाब हो गई। क्योंकि इन दोनों राज्यों में भी भाजपा को बहुत हल्के तरह से कांग्रेस लेती रही। दिल बहलाने को अब आंकड़े पेश किए जा रहे हैं कि कांग्रेस को मिजोरम छोड़ बाकी चारों राज्य मिलाकर 4,90,77,907 और भाजपा को 4,81,33,463 वोट मिले। लेकिन जब खेल सीटों की गिनती का है, तो वहां वोटों की गिनती करने से क्या फायदा। कई बार बुद्धिमान विद्यार्थी सब कुछ जानते हुए भी सही तरह से पांच सवाल हल नहीं करता है और वहीं सामान्य बुद्धि लगाकर कोई औसत छात्र उन्हीं पांच महत्वपूर्ण सवालों पर पूरा ध्यान देकर सही जवाब लिखता है और प्रथम आ जाता है। अब आप शिकायत करते रहिए कि ये उससे होशियार है, लेकिन जहां अंकों की लड़ाई है, वहां अंक ही ज्यादा लाने होंगे, बुद्धि दिखाने से कुछ नहीं होगा। तो मौजूदा राजनीति का एक कड़वा सच यही है कि कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास, गांधी, नेहरू की विरासत, राहुल गांधी की मेहनत, उनकी जनपक्षधरता सबका लाभ होने के बावजूद जनता की नब्ज पकड़ने वाले मुद्दों को नहीं समझ पाती और भाजपा उन्हीं मुद्दों के आधार पर चुनाव में अधिक सीटें ले आती है। अपनी बुद्धि के कारण प्रथम आने का मौका छात्र ने गंवा दिया और अब भी सही सवाल पर फोकस नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है। राहुल गांधी जिस सामाजिक न्याय की बात करते रहे हैं, उसे कांग्रेस के सभी लोगों को एक साथ पूरे देश में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। राहुल गांधी जिस अहंकार को छोड़ने की सलाह श्री मोदी को देते आए हैं, उस सलाह पर कांग्रेस के भी कई नेताओं को अमल करने की जरूरत है।

भाजपा तीसरी बार भी सत्ता में आने का दावा करके मतदान से पहले ही जनता को संदेश दे रही है कि उसका वोट मिले न मिले, सरकार भाजपा की ही बनेगी। ये मामूली चुनौती नहीं है। कांग्रेस केवल शिकायतों के आधार पर इसका मुकाबला नहीं कर पाएगी। पिछले 10 सालों में कांग्रेस ने देख लिया है कि संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया और काफी हद तक न्यायतंत्र भी भाजपा के पक्ष में ही झुका हुआ है। तो इस बड़ी चुनौती के लिए जवाब भी बड़ा ही तैयार करना होगा। तीन राज्यों की हार पर मंथन के साथ कांग्रेस यह भी सोचे कि किन वजहों से उसे कर्नाटक और अभी तेलंगाना में जीत मिली। कांग्रेस सोचे कि क्या उन्हीं तरीकों को देशव्यापी तौर पर आजमाया जा सकता है। क्योंकि अब सवाल उसकी जीत का नहीं, लोकतंत्र और संविधान बचाने का भी है।

# चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्रियों की पसंद पर ध्यान केंद्रित

■ कल्याणी शंकर

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद नये मुख्यमंत्री कौन होंगे, इसे लेकर अटकलें तेज हैं। भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक राज्य में जीत हासिल की है। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को हराकर जीत हासिल की है।

हालांकि भाजपा ने उत्तर भारत में खुद को मजबूत कर लिया है, दक्षिण में उसे अभी भी पैर जमाना बाकी है। भाजपा की सफल चुनावी रणनीति ने उसके समर्थकों को एकजुट किया और आंतरिक संघर्षों को कम किया। संसद सदस्यों को उम्मीदवार के रूप में खड़ा करने से पार्टी को तीन प्रमुख राज्यों में आंतरिक तोड़फोड़ को कम करने में मदद मिली।

अपने मजबूत स्थानीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस को तेलंगाना में बढ़त मिली। पार्टी को कई नेताओं के दलबदल से भी बहुत फायदा हुआ, जो इसे एक व्यवहार्य दावेदार के रूप में देखने लगे, खासकर कर्नाटक में इसकी सफलता के बाद। एक बार जब यह स्पष्ट हो गया कि यह सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) के लिए एक गंभीर चुनौती है, तो मतदाता कांग्रेस की ओर स्थानांतरित हो गये। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की। दोनों पार्टियों को यह तय करना होगा कि स्थापित नेताओं को जारी रखना है या नये नेतृत्व की तलाश करनी है। कांग्रेस को तय करना होगा कि रेवंत रेड्डी को नियुक्त किया जाये या किसी नये चेहरे को।

भाजपा के पास कई संभावित उम्मीदवार हैं, इसलिए मुख्य सवाल यह है कि नये नियमों को कैसे लागू किया जाये। भाजपा वसुन्धरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह जैसे पुराने नेताओं को चरणबद्ध तरीके से बाहर करने के पक्ष में है, जो अपनी पारी खेल चुके हैं। नये उम्मीदवारों का चयन करते समय एक अन्य महत्वपूर्ण कारक उनकी जाति है। जातियों का विविध मिश्रण आवश्यक है, इसे राजपूतों या अगड़ी जातियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। साथ ही उनके प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्यों के लिए एक उपयुक्त उम्मीदवार चाहते हैं। हैट्रिक लगाने के लिए यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश पर नजर डालते हैं। सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक, शिवराज सिंह चौहान पद पर बने रहने के लिए तैयार हैं। मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान, चौहान ने जनता से उनकी राय भी मांगी कि क्या उन्हें निर्वाचित होने पर फिर से मुख्यमंत्री पद के लिए खड़ा होना चाहिए।

मध्य प्रदेश में शीर्ष पद के लिए कई संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें तीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद पटेल शामिल हैं, जो कई विकल्प प्रदान करते हैं। पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और कमल नाथ सरकार को गिराने में मदद करने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी संभावित उम्मीदवारों की सूची में हैं। राजस्थान में प्रमुख उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे होंगी। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और अश्विनी वैष्णव, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्री अर्जुन मेघवाल और महंत बालकनाथ भी दौड़ में हैं।

राजवर्धन राठौड़ राजपूत हैं और कई बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। सतीश पूनिया ने राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं जब पार्टी सत्ता से बाहर थी। 2023 की शुरुआत में, ब्राह्मण समुदाय से आने वाले दो बार के सांसद सी.पी. जोशी ने पूनिया की जगह राज्य भाजपा अध्यक्ष पद संभाला। गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, नई पीढ़ी के भाजपा नेता, राजस्थान में मुख्य मंत्री पद के संभावित उम्मीदवार हैं।

छत्तीसगढ़ में भी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सबसे आगे हैं। 2018 तक 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ पर शासन करने वाले बीएएमएस डॉक्टर रमन सिंह राज्य में पार्टी का सबसे पहचाना चेहरा हैं। 2003 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने से पहले वह केंद्रीय मंत्री थे। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में उन्हें दरकिनार कर दिया गया है।

विष्णुदेव साव भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है वह आरएसएस परिवार से आते हैं और महत्वपूर्ण नेता बनकर उभरे हैं। भरतपुर-सोनहत निर्वाचन क्षेत्र से एक प्रमुख आदिवासी नेता, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह एक और विकल्प हैं।

> **कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं। भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी**

कांग्रेस को अपनी ओर से तेलंगाना में पार्टी को एकजुट रखने के लिए एक नेता चुनना होगा। बी.आर.एस. के नेता के.चंद्रशेखर राव, अन्य दलों के सदस्यों को लुभाने की अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। ऐतिहासिक रूप से, कांग्रेस ने अपने झुंड की रक्षा करने की क्षमता खो दी है। यह गोवा, कर्नाटक और अन्य राज्यों में दिखाई दिया।

तेलंगाना में रेवंत रेड्डी सबसे संभावित उम्मीदवार हैं। वह मजबूत रेड्डी परिवार से हैं और उनकी कार्यशैली के लिए पार्टी के भीतर से आलोचनाओं के बावजूद उन्हें कांग्रेस नेतृत्व का पूरा समर्थन प्राप्त था। उन्होंने एक छात्र नेता के रूप में ए.बी.वी.पी. से शुरूआत की और शीर्ष पर चले गये।

रेड्डी को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 2024 में लोकसभा चुनाव में अधिक सीटें जीतना भी शामिल है। हालांकि, उनके लिए अपनी पार्टी को एकजुट रखना अधिक महत्वपूर्ण है। हाल ही में, अस्थिरता की शुरुआत खरीद-फरोख्त से हो चुकी है, जो सरकार बनने के तुरंत बाद शुरू हो जाती है।

कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं।

भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी और इसलिए उसने 2024 चुनावों के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। भाजपा के प्रचंड बहुमत के बाद विपक्षी समूह इंडिया स्थिति का आकलन कर रहा है।

## पावन प्रसंग

# लोकप्रिय बनिए

चेहरा मनुष्य की आंतरिक स्थिति का दर्पण है, इस कहावत में बहुत कुछ सच्चाई है। चेहरे पर प्रसन्नता और हल्की मुस्कान का बना रहना, इस बात का प्रतीक है कि यह व्यक्ति उलझनों से रहित और सफलताओं की संभावनाओं से भरा-पूरा है। ऐसे ही व्यक्तियों का सान्निध्य लोग पसंद करते हैं। मनहूस शक्ल बनाए बैठे रहने वाले, उदासी-खिन्नता, विपत्ति और असफलता का भाव प्रकट करने वाले चेहरे दूसरों की उपेक्षा का कारण बनते हैं। मनोमालिन्य मतभेद अथवा उलझी हुई गुत्थी प्रसन्न मुख चेहरे से बात की बात में सुलझ जाती है, जबकि उसी बात को तूल देने वाले और गंभीरता लेने वाले लोग उलझन को और भी अधिक बढ़ा लेते हैं। चर्चा के प्रसंगों में जहां तक संभव हो, प्रयत्न, आशा और उत्साहवर्द्धक प्रकरणों को ही आगे रखना चाहिए। आवेश और उत्तेजना से सदा बचे रहा जाए।

लोकप्रियता प्राप्त करने की आकांक्षा का समर्थन ही किया जाना चाहिए और उसके लिए आवश्यक पथ प्रदर्शन भी किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में कुछ ध्यान रखने योग्य सूत्र नीचे प्रस्तुत किए जाते हैं- अपनी आकृति चैतन्य और सजग जैसी रखिए। वस्त्रों को स्वच्छ रखिए। मैले-कुचैले, अस्त-व्यस्त, बिना बटन और बिना करीने के कपड़े चाहे वे कीमती ही क्यों न हों, व्यक्ति के आलसी और लापरवाह होने की चुगली करते हैं। वेश- विन्यास और चेहरे की चेष्टा ऐसी अवश्य होनी चाहिए, जिससे स्वच्छता, जागरूकता और व्यवस्था का परिचय मिलता हो। हाथ मटकाना, आंखें नचाना, अकारण हँसना या ऐसी भाव-भंगिमा जो सभ्योचित न हो, नहीं अपनाई जानी चाहिए। दांत से नाखून चबाना अकारण बार-बार सिर या कोई अंग खुजाने की क्रिया कई लोगों को आदत पड़ जाती है। ये बातें दूसरों पर ऐसा असर डालती हैं, जिससे व्यक्तित्व का मूल्य गिर जाता है। लोकप्रियता के लिए प्रथम व्यवस्था हमें यह जुटानी चाहिए कि अपनी वेशभूषा एवं आकृति-प्रकृति में सज्जनता और शिष्टता का आवश्यक पुट विद्यमान रहे।

शालीनता और सज्जनता आत्मप्रशंसा की आदत बुरी है, इससे अपना घटियापन प्रकट हो होता है। इसी प्रकार दूसरों की कमियों, भूलों एवं असफलताओं को बार-बार चर्चा करना यह बताता हैकि उनको तिरस्कृत एवं लांछित किया जा रहा है। अपनी सफलता की बात की बढ़ा चढ़ा कर चर्चा करना अपने अहंकारी होने का प्रतीक है।

अपने को उपयोगी सिद्ध कीजिए। लोग आमतौर से उसकी ओर आकर्षित होते हैं, जिससे कुछ आशा होती है या प्रसन्नता मिलती है। लोग आपके पास आएं और प्रसन्नता लेकर जाएं, ऐसा वातावरण बनाए रहना चाहिए और यथासंभव ऐसे साधन भी प्रस्तुत करने चाहिए। लोग आपको उपयोगी और समय पड़ने पर कुछ सहायता कर सकने वाला समझें। केवल गप्पें हांकने, विदूषक बनने बेकार में मारे-मारे फिरने, दोस्तीबाजी में पैसे उड़ाने,झूठी उम्मीदें दिलाने जैसे उपायों से सस्ती लोकप्रियता प्राप्त की जाती है, वह ठहरती नहीं। उथले प्रयत्नों का कभी गहरा प्रभाव नहीं हो सकता।

हमारा व्यक्तित्व ऐसा होना चाहिए जो दूसरों की अपेक्षा अधिक विशेषता लिए हुए हो। आवश्यक नहीं कि धन,विद्या या पद में ही हम दूसरों से बड़े हों। यदि चरित्र, नम्रता, प्रामाणिकता, सज्जनता की दृष्टि से भी हम अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर सकें तो निस्संदेह लोकप्रियता बढ़ती जाएगी। मित्रों तथा प्रशंसकों की संख्या बढ़ेगी। जो व्यक्ति जितना लोकोपयोगी बनता जाता है, उतना ही लोकप्रिय बनता जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# वसुंधरा राजे क्या विद्रोह कर पाएंगी ?

भाजपा में माननीय मोदीजी ने तमाम संवैधानिक नियमों को धीरे-धीरे विलोपित कर अपनी तानाशाही कायम की है। उदाहरण स्वरूप केंद्रीय मंत्रियों के अधिकार अपने पास रखें हैं वे नाम मात्र के मंत्री हैं। स्वायत्तता संस्थाओं,जांच एजेंसियों को गुलाम बना रखा है। मीडिया की हालत पतली कर रखी है। अब मुख्यमंत्रियों पर भी गुजरात मुख्यमंत्री की तरह शिकंजा कसने की तैयारी है। यह पूरी तरह जाहिर है कि शिवराज सिंह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री होने का अधिकार रखते हैं किंतु वे मोदीजी के आगे सज्दा हैं और कहने लगे हैं मैंने मुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा को नहीं जिताया जबकि वे सभाओं में खुलेआम कहते रहे हैं मैं मुख्यमंत्री बनूं या नहीं। जनता हुंकार भरती रही। हां, अब वे अपने कमज़ोर ज़मीर के कारण पीछे हटने की बात कर रहे हैं।

दूसरी ओर राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के तेवर शुरु से ही सख्त रहे हैं उन्होंने मोदीजी की कई बार उपेक्षा भी की है। उसका कारण राजस्थान की ज़मीन पर उनकी अच्छी पकड़ है और सामंती अंदाज़ भी। जैसा कि सुना जा रहा कि यहां मोदीजी नए चेहरे की तलाश में हैं। उनके मुकाबले उन्होंने दीया कुमारी को जो राजघराने से ताल्लुक रखती हैं मैदान में उतारा था। लेकिन संघ की ओर से गोरखपंथी बाबा बालक दास का नाम आना बड़ा दुविधा उत्पन्न कर रहा है। इस केन्द्रीय ख़बर ने वसुंधरा को और मज़बूती से प्रतिरोध के लिए उकसाया है। उन्होंने अपने विधायक दल की बैठक बुलाई जिसमें 70 समर्थक मौजूद रहे। नियमानुसार उनका हक़ बनता है कि वे सत्ता पर काबिज हों।

यह सब देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र और राज्य के अधिकारों को लेकर वसुंधरा यदि अपनी दम-खम दिखाती हैं और उन्हें फायदा मिलता है तो शायद शिवराज सिंह भी संघ का सपोर्ट लेकर प्रदेश में विधायकों को मुखर कर सकते हैं। यदि यह मुनासिब न हो पाता है तो पक्का मानिए मोदीजी के खिलाफ़ बहुत से नाराज़ लोग भाजपा का एक नया गठबंधन बना सकते हैं। इनकी अगुवाई हेतु नितिन गडकरी आ सकते हैं केन्द्र से असन्तुष्ट मंत्री भी साथ हो जाएं तो आश्चर्य नहीं।

बहरहाल सारा दारोमदार वसुंधरा राजे के ऊपर निर्भर है। वे भी सरेंडर करती हैं या मुख्यमंत्री बनने संघर्ष करती हैं। यह संगीन मामला है किंतु वे यदि जनता के मतों के सम्मान में विद्रोह कर पाती हैं तो लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षार्थ वे एक मिसाल बनेंगी।

**-सुसंस्कृति परिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### सफाई व्यवस्था चौपट, मच्छरों का बढ़ रहा प्रकोप



**सांची,देशबन्धु।** नगर में सफाई व्यवस्था लगता है चौपट हो गई है। यहीं कारण है कि न नालियां साफ हो रही है न ही कचरा उठ रहा है। नगर को विकास का जामा पहनाने तथा स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए सरकारों ने करोड़ों अरबों रुपए आवंटित कर दिए तथा इस स्थल का कायाकल्प बदलने की जिम्मेदारी के लिए नगर परिषद को अस्तित्व में लाया गया था तथा पर्यटन विभाग को भी भागीदारी सौंपी गई । विकास के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं परन्तु कहीं कोई विकास दिखाई नहीं दे सका इस स्थल पर न तो पानी निकासी व्यवस्था ही सुचारू बन सकी जिससे सड़कों पर बहने वाले पानी को रोका जा सके तथा जल बचाओ के नारे को भी पलीता लगा दिया गया। यही हाल इस स्थल पर विकास का भी बना हुआ है। नगर हमेशा से ही विकास में पिछड़ा रहा है। नगर के वार्ड नं 15, 14, 5 और 13 सहित अन्य वार्ड के लोगों को परेशानी झेलना पड़ रही है जहां सड़क नालियों के साथ ही गंदगी ने अपनी जकड़ में ले लिया है जिससे लोगों को गंभीर बीमारी फैलने का अंदेशा बढ़ गया है।

### डॉ. अंबेडकर को किया याद

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** म प्र अजाक्स संघ की स्थानीय इकाई ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर संघ के प्रांतीय महासचिव एलआर अहिरवार द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की। संघ के संजय अहिरवार, मनोज अहिरवार, तखत सिंह, धनीराम राजेश, सोनू चौधरी, श्यामसुंदर रामप्रसाद, भरत सराठे, रामबाबू, मनीष, शंभु सिंह ने श्रद्धांजलि दी। गणमान्य जन उपस्थित रहे जिसमें संघ के प्रांतीय महासचिव एलआर अहिरवार ने कहा कि बाबा साहब ने त्रिसूत्रीय नारा दिया था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो यदि जो व्यक्ति इन सूत्रों पर चले तो वह महान बन सकता है।

### होमगार्ड स्थापना दिवस मना



**रायसेन, देशबन्धु।** होमगार्ड विभाग के 77वें स्थापना दिवस पर नगर में सागर रोड स्थित होमगार्ड कार्यालय परिसर में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें होमगार्ड विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवक तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं और आपदा मित्र सम्मिलित हुए।

# आधी कीमत पर धान खरीदी पर भड़के किसान, किया चक्काजाम

▸ धान की फसल लेकर बड़ी तादात में मंडी पहुंचे थे किसान, कीमत सुनते ही फूट पड़ा गुस्सा



**रायसेन, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय स्थित धान खरीदी केंद्र दशहरा मैदान पर बुधवार को हजारों की संख्या में अपनी धान फसल को बेचने के लिए ट्रैक्टर ट्राली लेकर किसान आए हुए थे कुछ किसान एक दिन पहले से वहां जमा थे जिनकी धान फसल की नीलामी बुधवार को व्यापारियों द्वारा की गई जिसमें 4000 के स्थान पर व्यापारियों द्वारा 2200 कुंटल मूल पर धान खरीदी की गई इतनी कम कीमत सुनते ही बड़ी संख्या में मौजूद किसानों का गुस्सा धान व्यापारियों के ऊपर फूट पड़ा इतना ही नहीं देखते ही देखते किसान गुस्से में आकर भोपाल मार्ग पर चक्का जाम करने के लिए पहुंच गए जहां धान खरीदी का जमकर विरोध किया एवं धन व्यापारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई । काफी देर तक भोपाल रोड पर जाम रहा रोड के दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई जिससे कुछ देर के लिए आवा गमन पूरी तरह से बंद रहा । इधर सूचना मिलते ही एसडीम, पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और चक्का जाम कर रहे किसानों को समझाएं दी गई । परंतु किसान मानने के लिए तैयार नहीं थे उन्होंने धान व्यापारियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाल और आधे रेट पर धान खरीदी का सीधा-सीधा आरोप व्यापारियों के ऊपर लगाए चक्का जाम कर रहे किसानों का कहना था कि अभी तक सरकार द्वारा उनकी धान फसल के रेट 4000 से ऊपर चल रहे थे परंतु एक का एक बुधवार को धान खरीदी के रेट आधे अर्थात 2200 कुंतल कर दिए गए जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा किसान इस बात को लेकर गुस्सा गए थे जिससे उन्होंने भोपाल रोड पर जाकर चक्का जाम करते हुए धान की कीमतों में बढ़ोतरी की मांग की प्रशासन के अधिकारियों की समझाइस और आश्वासन के बाद वह मुश्किल किसानों ने चक्का जाम खत्म किया इसके बाद ही भोपाल रोड पर आवा गमन के साधन आना-जाना शुरू हुआ।

ज्ञात हो कि जब से धान खरीदी शुरू हुई है तब से लेकर अभी तक किसानों को धान फसल के अच्छे दाम मिल रहे थे परंतु बुधवार को अचानक ही धान के आधे रेट कर देने से किसानों को गुस्सा आ गया और उन्होंने चक्का जाम कर दिया क्षेत्र के किसानों की केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग है कि उन्हें धान फसल के रेट पहले जैसे ही दिए जाएं कम कीमत प्रधान खरीदी नहीं की जाए ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान से बच सके। चक्का जाम में सैकड़ो की संख्या में किसान शामिल हुए और उन्होंने एक मत होकर धान की कीमतों में बढ़ोतरी करने की पुरजोर मांग रखी।

दूसरी बार विधायक बनने पर उमाकांत का जोरदार स्वागत

# कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर, जगह-जगह की आतिशबाजी



**सिरोंज, देशबन्धु।** विधायक निर्वाचित होने के उपरांत उमाकांत शर्मा पहली बार नगर पहुंचे। उनके प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं और भाजपा पदाधिकारियों ने जुलूस निकाला। जुलूस का नगर में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा को याद करते हुए उनके सम्मान में नारे भी लगाए। जगह जगह उत्साही नागरिकों ने आतिशबाज़ी चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान जुलूस में कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व के चित्रों की तख्तियां हाथों में लेने के साथ केसरिया ध्वज थामे हुए थे। करीब दो बजे शुरू हुआ यह जुलूस सुभाष नगर, नगरपालिका,राज बाजार सिनेमा चौराहा सहित नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ छतरी चौराहे कुरवाई मार्ग पर चंद्रमोहन सभागार पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। सनातनी वेश में जुलिस में शामिल हुए विधायक उमाकान्त शर्मा कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखकर खुद को भी नही रोक सके।

खुली जीप में सवार होकर भी उन्होंने भगवा गीतों पर जमकर नृत्य किया तथा सभी कार्यकर्ताओं से मालाएं लेकर सम्मान ग्रहण भी किया और मार्ग में मिल रहे सामाजिक वरिष्ठ नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया।जुलूस के पूरे मार्ग पर नगरवासियों ने विधायक उमाकान्त शर्मा को जोरदार स्वागत किया। जुलूस में दुलदुल घोड़ी भी शामिल हुई। इस दौरान देशी ढपलों और ढोल की थाप पर क्षेत्र के दूर दराज से पहुंचे ग्रामीण एवं शहरी कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर जमकर डांस कर अपनी खुशी का इजहार किया। वही जुलूस में शामिल हवाई फायर से रंगबिरंगी पन्नी की बरसात कर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया जा रहा था।

# रामलीला मेले को लेकर अधिकारियों के साथ समिति अध्यक्ष ने लिया मैदान का जायजा



**रायसेन, देशबन्धु।** आगामी 15 दिसंबर से रामलीला मैदान में लगने वाले रामलीला मेला आयोजन को लेकर बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी मुकेश सिंह, थाना प्रभारी मनोज सिंह, रामलीला मेला समिति के अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी, नपा अधिकारी सहित अनेक पदाधिकारीयो ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं के बारे में मैदान में घूम कर जायजा लिया।

इस दौरान एसडीएम सिंह ने नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों को मौके पर ही रामलीला मैदान को समतलीकरण करने एवं साफ सफाई करने के निर्देश दिए, वहीं मेला ग्राउंड में गिट्टी रेत को शीघ्र हटाने के भी उन्होंने नपा अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री सिंह ने कहा कि यहां का रामलीला मेला प्राचीन परंपरा है जिसे देखते हुए यहां व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहना चाहिए उन्होंने मेला ग्राउंड पर लगने वाले झूला स्थल का निरीक्षण भी किया एवं झूला वालो को व्यवस्थित ढंग से झूला स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला ग्राउंड के आसपास से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी मौके पर ही दिए। इस मौके पर रामलीला मेला समिति के अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी ने उन्हें मेला संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर इस अवसर पर रामलीला मेला समिति के मीडिया प्रभारी सी एल गौर, बृज बिहारी मिश्रा, वीरेंद्र ठाकुर, रतन सिंह लोधी, लीला सोनी, राहुल परमार सहित अनेक लोग मोजूद थे।

आभार सभा में नवागत विधायक ने अधिकारियों को चेताया

# किसी को परेशाान किया तो ईंट से ईंट बजा देंगे



**सिलवानी, देशबन्धु।** विधायक निर्वाचित होने के बाद प्रथम नगर आगमन पर आभार सभा में कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल ने प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में चेताया कि यदि किसी कार्यकर्ता या नागरिकों को परेशान किया तो ईंट से ईंट बजा देंगं। नगर आगमन पर नागरिकों ने विधायक देवेंद्र पटेल का स्वागत किया तथा बजरंग चौराहा पर कार्यकर्ताओं ने उन्हे लडडुओ से तौला। तय कार्यक्रम के तहत विधायक पटेल बुधवार को सिलवानी आए। सर्व प्रथम वह नगर के तहसील कार्यालय के समीप स्थित कांठिया मंदिर पहुंचे यहां पर पूजा अर्चना कर नागरिकों का आभार व्यक्त करने नगर के चौक चौराहों से लेकर गली मौहल्ले तक पहुचें। नवागत विधायक को अपने बीच पाकर नागरिकों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। बजरंग चौराहे पर आयोजित आभार सभा में विधायक देवेंद्र पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत प्रत्येक नागरिक की जीत है। क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए सभी के साथ कंधे से कंधा मिला कर सड़क उतर कर संधर्ष करेगे। वह हमेशा ही जनता के बीच रहेगे, जनता के लिए हमेशा ही उनके दरवाजे खुले रहेगे। बुधवार को नागरिको का आभार जताने सिलवानी आए विधायक देवेंद्र पटेल को कार्यकताओ ने बजरंग चौराहा पर लडडुओ से तौला तथा नागरिको का आभार माना। उन लडडुओ को नागरिको के बीच वितरित किया गया। इस मौके पर प्रदेष कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र तोमर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप शर्मा, नगर अध्यक्ष इमरान खान, शमीम काजी, नीलमणि शाह, धर्मवीर सिंह, नीलमणि शाह, विष्वनाथ पटेल छींद, हरभजन सिंह सहजपुर, इल्याज खान, बसीम अख्तर, सुनील जैन, अनिल शुक्ला,कौषर खान,मनोज यादव, बीरेंद्र रघुवंषी मदनपुर, संजीव जेके, पुनीत समैया, दीनू कुषवाहा, महेंद्र रघुवंषी बीकलपुर, राजीव पटेल, विट्टू राय, प्रवीण जैन,पप्पू कुषवाहा सहीत बड़ी संख्या में नागरिक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण एवं भ्रष्टाचार को लेकर पार्षद ने निगम गेट पर लगाया ताला, किया हंगामा



**मुरैना, देशबन्धु।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 14 मैं माधौपुरा की पुलिया से लेकर कृषि उपज मंडी गेट तक लंबे समय से सडक़ निर्माण न होने के कारण हजारों परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम में महापौर द्वारा कमीशन के चलते सडक़ निर्माण नहीं कराया जा रहा। उक्त मामले को लेकर वार्ड के पार्षद ने नागरिकों के साथ मिलकर बुधवार की सुबह नगर निगम कार्यालय के गेट पर ताला जड़ दिया और धरना प्रदर्शन करने बैठ गए तथा जमकर नारेबाजी की।

पार्षद युवराज दंडोतिया का कहना है कि आचार संहिता से पहले ही उक्त मार्ग स्वीकृत हो चुका है, लेकिन महापौर द्वारा ठेकेदार से कमीशन मांगा जा रहा था, जिसके चलते निर्माण कार्य नहीं हो पाया और जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नालों की लेवलिंग नहीं की गई है, जिस कारण परेशानी अधिक हो रही है। नगर निगम में भ्रष्टाचार के चलते कोई काम नहीं हो पा रहा और वह अपने वार्ड में काम नहीं कर पा रहे। सडक़ निर्माण एवं निगम में व्याप्त अनियमितता को लेकर पार्षद ने नागरिकों के साथ नगर पालिका गेट पर ताला लगा दिया और धरना प्रदर्शन करने बैठ गए। निगम कमिश्नर डीएस चौहान के आश्वासन के पश्चात पार्षद ने धरना समाप्त किया।

### इनका कहना है

आचार संहिता के कारण कार्य आरंभ नहीं हो पाया है दो दिन में काम शुरू कर दिया जाएगा, अगर वह ठेकेदार नहीं करेगा तो दूसरे ठेकेदार से काम कराएंगे। कृषि मंडी गेट से माधौपुरा की पुलिया तक क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी का काम है लेकिन फिर भी नगर निगम द्वारा अपने स्तर से काम कराया जा रहा है।

**डीएस चौहान,**
**आयुक्त नगर निगम मुरैना**

# ट्रांसफार्मर सही करने गए कर्मचारी को पेड़ से बांधकर पीटा, वीडियो वायरल



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के बागचीनी थाना अंतर्गत चेटी बाई का पुरा गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर सही करने गए बिजली विभाग के प्राइवेट कर्मचारी को पेड़ से बांधकर कुछ लोगों ने जमकर पीटा, जिससे उसे चोटें आई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, वहीं प्राइवेट कर्मचारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।

फरियादी मुकेश कुशवाह पुत्र जगदीश उम्र 30 साल नि. ग्राम भूरीसिह का पुरा गलेथा मुकेश कुमार तथा राहुल सिकरवार, शैलेन्द्र रावत, संजय शर्मा पुत्र दर्शन लाल शर्मा बिजली विभाग में प्राइवेट नौकरी करते हैं तथा मंगलवार को मय स्टाफ के ग्राम चेटीबाई का पुरा में 63 केबीए ट्रान्सफार्मर की एल.टी. केवल को सही करने हेतु पहुंचे तो आरोपी भारत उर्फ राजू सिकरवार व उसका भतीजा दीपू सिकरवार आये और गंदी-गंदी गालियां देकर बोले अव क्यों आये हो सही करने के लिये। हमने गाली देने से मना किया, तो आरोपी भारत ने संजय शर्मा की लात घूसों से मारपीट की। फरियादी मुकेश, संजय को बचाने लगा तो इतने में दीपू आ गया और मुकेश को आरोपी भारत व दीपू ने पेड से बांधकर डण्डो से मारपीट की, जिससे मुकेश कुशवाह के बाये हाथ के पंजा में, बाये हाथ के कंधे में, बायें हाथ की कोहनी के पास, पीछे पीठ में, दाहिने हाथ के कंधे में, दाहिने हाथ की कोहनी के पास, दाहिने हाथ के पंजे में, दोनो पैरो में, दोनो पैरों के पंजे में ऊपर नीचे व शरीर में जगह-जगह चोटे आई। मौके पर कुछ लोगों ने आकर उन्हें बचाया और छुड़ाया। घटना के बाद फरियादी बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्राइवेट कर्मचारी को पेड़ से बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसको लेकर लोग तमाम कमेंट कर रहे हैं।

# राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में निकाली रैली

▸ प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**मुरैना, देशबन्धु।** राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछले एक वर्ष से सुरक्षा न मिलने के कारण मंगलवार को उनकी हत्या कर दी गई, जिससे समस्त क्षत्रिय समाज में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। इसी के चलते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में समाज के सैकड़ो लोगों ने रैली निकालकर अपराधियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर मुरैना को ज्ञापन सोंपा और कहा कि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो क्षत्रिय महासभा बड़ा आंदोलन करेगी।

श्री सिकरवार ने ज्ञापन में कहा कि राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामड़ी निरन्तर सामाजिक एवं राष्ट्रहित में निरन्तर सर्वोच्च भागीदारी करते रहे हैं। क्या कारण है समय-समय पर बड़े-बड़े क्षत्रीयों लीडरों पर प्रहार हुये हैं। क्या इस देश में गैंगस्टरों को राज चल रहा है। इस हत्या के पीछे कौन हैं, इसकी निष्पक्ष जांच सी.बी.आई के द्वारा करायी जाई, जिससे इस हत्या की साजिश करने वाले लोगों का पर्दाफाश हो सके और हत्या में संलिप्त लोगों की प्रोपर्टी जप्त करते हुए उनका एनकाउन्टर किया जावे। यदि हम क्षत्रियों को 10 दिवस के अन्दर न्याय नहीं मिला तो आगामी लोक सभा चुनाव में हम क्षत्रियों की एकता की समरूपा पूरे भारतवर्ष में आपको देखने को मिलेगी, जो हाल अभी कुछ प्रदेशों में किया है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से धरना आन्दोलन करते रहेंगे। ज्ञापन के दौरान पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार सहित समाज के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

### निष्पक्ष जांच को लेकर कैलारस थाने में दिया ज्ञापन

कैलारस। राजस्थान के जयपुर में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामेडी की निर्मम हत्या की निष्पक्ष जांच एन आई ए के द्वारा कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए एवं हत्या आरोपियों का तुरंत एनकाउंटर किया जाए। इसको लेकर बुधवार की दोपहर कैलारस थाने में सैकड़ों लोगों ने थाना प्रभारी सोनपाल सिंह तोमर को ज्ञापन दिया। सुखदेव गोगामेडी की निर्मम हत्या के विरोध में ज्ञापन देने वालों में सौरभ सिकरवार, दिनेश जादौन, पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार, रवि सिकरवार शैलेंद्र जादौन आदि उपस्थित रहे।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### चौहान लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने



**बैतूल, देशबन्धु।** मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा बैतूल के वर्तमान जिला अध्यक्ष शंकरसिंह चौहान के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के कारण संघ के प्रांतध्यक्ष एमपी द्विवेदी द्वारा वन विभाग बैतूल में लेखापाल के पद पर कार्यरत् कमलेश चौहान को संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कमलेश चौहान पूर्व में भी लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश के महामंत्री एवं प्रांतीय सचिव तथा जिला उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन में कार्य कर चुके है। कमलेश चौहान को जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिले के समस्त लिपिकीय कर्मचारियों एवं संघ के पदाधिकारियों द्वारा बधाई दी गई है। बधाई देने वालों में मनीष उदासी अध्यक्ष राजस्व एवं तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, नारायण सिंह नगदे अध्यक्ष शिक्षक संघ, अनिल कापसे, अध्यक्ष अजाक्स कर्मचारी संघ, नारायण नागले अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ एवं प्रहलाद धुर्वे, दिलीप टेकाम, महेश जैन, आरआर सल्लाम, पवन सिंह बिसेन, राधेलाल पंवार, अशोक काले, अनिल चौकिकर, नामदेव फाटफोटे, ओपी बारंगे, संजय, उद्धार, एनआर लाखण्डे आदि शामिल है।

### डॉ. अम्बेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के अंबेडकर चौक पर आज दिन बुधवार को आनंद बौद्ध विहार समिति के तत्वाधान में डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अनुयायियों ने डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया इस। अवसर पर डॉ बाबासाहेब अमर रहे, अमर रहे के नारे गूंज उठे और सभी ने नम आखों से डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया। इस अवसर पर श्रीराम लोखंडे, एस डी पाटिल आदि ने बताया कि डॉक्टर अंबेडकर ने लंबे संघर्षों के बाद भारत देश के दबे कुचले शोषित पीड़ित लोगों को न्याय दिलाया और संवैधानिक अधिकार प्रदान करवाए। इसके लिए हम उनके आजीवन शुक्रगुजार रहेंगे और इसी के साथ उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मालगाड़ी की चपेट में आए युवक की उपचार के दौरान मौत

**सारनी, देशबन्धु।** शोभापुर के काली माई मंदिर के समीप मंगलवार को मालगाड़ी की चपेट में आए 22 वर्षी युवक देवेंद्र नरवरे की बुधवार को सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। यह युवक पाथाखेड़ा के चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 16 का निवासी था बताया जाता है कि गंभीर चोट आने के अलावा ज्यादा मात्रा में खून बह जाने के कारण युवक की मौत हो गई है। जिसका पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कई कॉलोनियों में बंद रहेगी बिजली

**बैतूल, देशबन्धु।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 7 दिसंबर को ग्रीन सिटी के 11 केव्ही फीडर तथा सदर के 11 केव्ही फीडर के मेंटेनेंस कार्य के चलते गुरूवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्रीन सिटी फीडर के विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भग्गूढाना, खादी उद्योग के पास, माचना नगर, हमलापुर चौक, फॉरेस्ट ट्रेनिंग सेंटर, जजेस कॉलोनी, ग्रीन सिटी में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी तरह सदर फीडर के एमपीईबी कॉलोनी, अग्निहोत्री कॉलोनी, सतपाल आश्रम, प्रताप वार्ड, सुपर किराना, सिंडीकेट बैंक, एसबीआई बैंक, गेंदा चौक, ब्रम्हाकुमारी आश्रम, मानस नगर, आईटीआई, एफसीआई गोडाऊन, विनायक रेसीडेंसी, बसंत पेट्रोल पंप, गाड़ाघाट रोड, सोनाहिल कॉलोनी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# अजा आयोग की सचिव पहुंची सीएम राइज स्कूल, देखीं व्यवस्थाएं

**निर्माणाधीन सीएम राइज विद्यालय का किया निरीक्षण**



**सारनी, देशबन्धु।** घोड़ाडोगरी आदिवासी ब्लॉक है और आदिवासी ब्लॉक में किस तरह होनहार और योग्य विद्यार्थी अध्यनरत है यह तारीफे काबिल है। यह बात मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जाति आयोग की सचिव एवं अपर संचालक सीमा सोनी ने सीएम राइज भवन के निरीक्षण और स्कूल के संचालन की व्यवस्था पर कही। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य एवं उनका संपूर्ण स्टाफ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किए जाने की कला को सीखने का काम करेंगे तो निश्चित तौर से ऐसे क्षेत्र से वैज्ञानिक शासकीय विभाग में सेवा देने वाले अधिकारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना लोहा मनवाने वाले अधिकारी कर्मचारियों के अलावा सभ्य समाज के नागरिक बनकर इस स्कूल से निकलेंगे। उन्होंने आदिवासी विद्यार्थियों के माध्यम से एक से बढ़कर एक तरह की कला आकृति एवं उनकी आगामी सोच को लेकर एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य के बेहतर प्रदर्शन की प्रशंसा की। विकासखंड घोड़ाडोंगरी के सीएम राइज विद्यालय में म.प्र.शासन अनुसूचित जाति आयोग की सचिव एवं अपर संचालक सीमा सोनी, ईशा मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग बैतूल शिल्पा जैन ने मंगलवार दोपहर को आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां छात्राओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। छात्राओं से मुलाकात कर सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य विवेक तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एच.एस. रघुवंशी के साथ प्रयोगशाला लेब देखा जहां उन्होंने प्रेक्टिकल टेस्ट कर रही छात्राओं से चर्चा की, वही छात्राओं के अनुरोध पर छात्राओं द्वारा आयोग की सचिव सीमा सोनी के रक्त समूह की जांच भी की जिस पर उन्होंने छात्राओं की प्रशंसा की। रसायन प्रयोगशाला में छात्राओं ने उन्हें एसिटलीन ज्वाला परीक्षण करके भी बताया, अनुसूचित जाति आयोग की सचिव द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में इतनी व्यवस्थित प्रयोगशाला देखकर प्राचार्य एवं शाला परिवार की सराहना की उन्होंने पुस्तकालय कक्ष में विभिन्न विषयों की ज्ञानवर्धक पुस्तके देखी व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत उन्होंने ब्यूटी वैलनेस एवं सिलाई सेंटर का अवलोकन किया जहां उपस्थित विषय शिक्षक,छात्राओं के द्वारा किए गए व्यवस्थित कार्य से खुश नजर आई। मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित आयोग की सचिव द्वारा प्राचार्य कक्ष का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने पाठ्यक्रम संबंधित कार्य एवं शिक्षक डायरी देखी साथ ही उन्होंने सीएम राइज विद्यालय की छात्राओं से विभिन्न विषयों पर कक्षाओ में पहुंचकर चर्चा की। उन्होंने पीआईसी के सब इंजीनियर, ठेकेदार एवं टेक्नीशियन को बिल्डिंग निर्माण कार्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बैतूल शिल्पा जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एच.एस.रघुवंशी एवं प्राचार्य विवेक तिवारी उपस्थित रहे।

# विवेकानंद वार्ड में शौचालय की समस्या से परेशान महिलाओं ने एसडीएम से की शिकायत



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के विवेकानंद वार्ड में विगत करीब एक सप्ताह से शौचालय से परेशान महिलाओं ने बुधवार तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम से शिकायत करते हुए बताया कि असामाजिक तत्व द्वारा रात में उक्त स्थल पर नशे में हंगामा करना, जोर-जोर से चिल्लाना और अशोभनीय व्यवहार करते हैं, जिससे वे परेशान हो चुकी है। वहीं छोटे-छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग के स्वास्थ्य पर भी घर के पास शौचालय होने के कारण विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वही लोगों द्वारा शौचालय का उपयोग न कर स्कूल की खाली पड़ी भूमि का ही उपयोग किया जा रहा है। उन्हें मना करने पर वे बदतमीजी करते हुए, गाली-गलौज करते हैं। जिससे आस पास के लोग परेशान हो चुके है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और सीएमओ से भी शिकायत की थी इसके बाद नगर पालिका द्वारा उक्त शौचालय को बंद कर दिया गया था, लेकिन उसे फिर से शुरू किए जाने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी पहुंचे थे। विवेकानंद वार्ड की महिलाओं ने एसडीएम तृप्ति पटैरया से शिकायत करते हुए स्थाई रूप से इसे बंद करने की मांग की है।

### इनका कहना है

विवेकानंद वार्ड की महिलाओं द्वारा घर के पास शौचालय होने से परेशान होने की शिकायत की गई है, जिसके लिए नपा सीएमओ को तत्काल कार्रवाई कर जानकारी देने के लिए कहां है।

**एसडीएम, तृप्ति पटैरया**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बंदर की मौत, किया अंतिम संस्कार



**मुलताई, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा रोड पर दुनावा के पास सड़क किनारे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बंदर की मौत होने के बाद वहां से गुजर रहे डॉक्टर कमलेश रघुवंशी द्वारा उसे देखा गया। इसके बाद हिंदू संगठन के अन्य साथी नितिन कौशिक, शेरु रघुवंशी, रज्जू रघुवंशी, चेतन मालवीय, राकेश रघुवंशी, कमलेश बिहारे आदि को जानकारी दी गई। जिसके बाद सभी युवकों ने मिलकर विधि विधान से बंदर का अंतिम संस्कार कराया और मानवता का परिचय दिया। इस संबंध में डॉक्टर कमलेश रघुवंशी द्वारा बताया गया कि बुधवार जब वे दुनावा जा रहे थे, तब दुनावा के पास ही उन्हें सड़क किनारे एक बंदर मृत अवस्था में दिखाई दिया। संभवत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बंदर की मौत हुई होगी, जो सड़क किनारे पड़ा हुआ था। आसपास कुत्ते घूम रहे थे। उन्होंने तत्काल अपने अन्य साथियों को सूचना देकर मौके पर बुलाया और विधि विधान के साथ बंदर का अंतिम संस्कार कराया।

# एनसीसी छात्राओं ने रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश

**अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस एवं राष्ट्रीय पॉल्यूशन कंट्रोल दिवस पर हुआ आयोजन**




**मुलताई, देशबन्धु।** एनसीसी पांचवी बटालियन नर्मदा पुरम संभाग द्वारा संचालित पांचवी बटालियन न्यू कार्मल कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की एनसीसी छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस एवं राष्ट्रीय पॉल्यूशन कंट्रोल दिवस के अवसर पर रैली निकालकर नगर के राजीव गांधी वार्ड एवं सुभाष वार्ड के रहवासियों को जागरूकता का संदेश दिया। बटालियन की लगभग 50 छात्राओं ने दोनों वार्ड में निवास कर रहे परिवार के लोगों के घर पहुंच कर उनसे दिव्यांगों के प्रति जागरूक रहने एवं अपने घर एवं आसपास सफाई रखने की बात कही। इस संदर्भ में शाला संचालक अनीश नायर एवं एनसीसी प्रभारी ज्योति पवार ने बताया कि प्रतिवर्ष बटालियन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस एवं नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल दिवस मनाया जाता है जिसके चलते शाला मे निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन कराया गया। जिसके बाद एनसीसी की 50 छात्राओं ने मासोद रोड स्थित पेट्रोल पंप से लेकर सुभाष वार्ड तक रैली निकालकर एवं वार्ड वासियों से संपर्क कर उनसे अपने घर एवं आसपास तथा पूरे वार्ड को स्वच्छ एवं साफ रखने की अपील की। एनसीसी छात्रा अश्विनी निगम, गुंजन मानकर, मुस्कान पवार ने बताया कि वार्डों में जाकर वार्ड वासियों से मिलकर उनके सामने अपनी बात रखने में विशेष अनुभूति प्राप्त हुई। वार्डवासियों ने उनकी बात बड़ी विनम्रता एवं ध्यान से सुनी। उन्होंने बताया कि अब एनसीसी की छात्राएं मुलताई के पूरे वार्डों में घूमकर वार्ड वासियों को पॉल्यूशन कंट्रोल करने की जानकारी देगी।

# धमकी देने वाले पर कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन



**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्हाटी के एक युवक द्वारा गन दिखाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए भाजपा को देख लेने की धमकी दी थी। जिसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नगर के भाजपाइयों ने एसडीओपी सुरेश पाल सिंह को सौपा है। भाजपा नेता मनीष माथनकर,वर्षा गढेकर, प्रहलाद साहू,धर्मराज कनाठे,विजय शुक्ला,गणेश साहू,अजाबराव देशमुख सहित भाजपाइयों द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया कि चिल्हाटी निवासी प्रफुल्ल पिता पप्पू शिवहरे द्वारा सोशल मीडिया पर गन दिखाते हुए फोटो पोस्ट की गई है। जो कि एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई है। पोस्ट में भाजपा वालो को देख लेने की धमकी दी गई है। जिससे भाजपाइयों मे रोष व्याप्त है। भजपाइयो ने उक्त युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसडीओपी श्री सिंह ने मामले में युवक पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए है।

# मोटरसाइकिलों में टक्कर से युवक गंभीर घायल

**सारनी, देशबन्धु।** सुखाढाना के मुख्य मार्ग पर रेस्टोरेंट के सामने दो युवकों की बाइक टकरा जाने के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

यह घटना मंगलवार रात 8 से 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। बताया जाता है कि सारनी की तरफ से घोड़ाडोगरी जा रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 48 एमटी 5187 और एक दूसरी मोटरसाइकिल के आपस में टकरा जाने के कारण एक मोटरसाइकिल का चालक पाढरा निवासी सागर ईवने घायल हो गया। रेस्टोरेंट के सामने खड़े युवकों के द्वारा सारनी के हंड्रेड डायल को फोन करके घटना की सूचना दी गई जब तक हंड्रेड डायल मौके पर पहुंची तब तक घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोडाडोंगरी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया था हालांकि इस घटना की सारनी थाने में किसी भी तरह की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। घोड़ाडोगरी पुलिस इस मामले में जीरो पर कायमी करके डायरी सारनी थाने भेजेगी।

# नेशनल स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर हुई बैठक



**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय शालेय ताइक्कांडो प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन 31 दिसंबर से 5 जनवरी तक बैतूल में किया जा रहा है। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके सफल आयोजन के लिए प्रमाणित रूप रेखा की बैठक में एडीएम जय प्रकाश सैय्याम ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े व्यक्ति, अधिकारी, कर्मचारी को यह सोचकर काम करना होगा कि जब खिलाड़ी यहां से जाएं तो अपने मन में एक ऐसी पॉजीटिव छवि बनाकर जाए कि बोले वाह बैतूल।

संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा आलोक खरे ने कहा कि प्रतियोगिता की व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति को छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा। खिलाडियों के बैतूल स्टेशन, बस स्टैंड पर पहुंचने पर उनके लिए वाहन व्यवस्था, रूट चार्ट, हॉस्टल में उनके रूम, बिस्तर केवल उचित रूप से अच्छी क्वालिटी और साफ सुथरे हो। वॉश रूम की व्यवस्था हो। श्री खरे ने नगर पालिका, स्वास्थ्य, विद्युत, खाद्य, जनसंपर्क, परिवहन, पुलिस एवं प्रशासन सहित कई महत्वपूर्ण विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए 3 डोम का निर्माण कराया जाएगा। ये डोम में खिलाडियों के लिए सर्व सुविधा युक्त निर्माण कराया जाएगा। इन डोम में 2 डोम प्रतियोगिता के लिए होगे, शेष एक डोम में ऑफिशियली केबिन बनाए जाएगे। इसके अतिरिक्त भोजन के लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल सिंह कुशवाह ने पुलिस ग्राउंड की व्यवस्था के लिए अनुरोध किया। पुलिस उप अधीक्षक एवं आरआई मर्सकोले ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। खिलाड़ियों के परिवहन के परिवहन अधिकारी ने पर्याप्त वाहन उपलब्ध कराने के लिए आश्वात किया। चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतियोगिता के दौरान पर्याप्त मेडिकल सुविधाओं के साथ एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जानकारी दी।

*जवानों को प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किए*

# होमगार्ड स्थापना दिवस पर कलेक्टर ने ली परेड की सलामी



**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने होमगार्ड नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन बल के 77वे स्थापना दिवस पर होमगार्ड स्टेडियम पर बल की सुरक्षा टुकड़ियों की परेड सलामी ली। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उद्बोधन का वाचन किया गया। राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में प्राकृतिक आपदाओं में होमगार्ड जवानों द्वारा किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रशंसा करते हुए और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने का आव्हान किया। कलेक्टर बैंस ने होमगार्ड एवं आपदा आपातकालीन मोचन बल की सुरक्षा टुकड़ियों की सलामी ली।

उन्होंने कहा होमगार्ड एवं आपदा सुरक्षा बल द्वारा अन्य सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया है। फिर चाहे वह राज्य में अतिवृष्टि हो या अन्य किसी प्रकार की आपदा होमगार्ड ने अपनी योग्यता एवं कार्य कुशलता से अनेक पीड़ितों को जीवन दान दिया है। उन्होंने कहा कि 77 वर्षों के अपने सेवा काल में आपने इन रेस्क्यू ऑपरेशन को अपने प्राणों की आहुति देकर भी पूरा किया। मैं सैल्यूट करता हूं, अपने साथियों को जो हमेशा अपने जीवन की परवाह न करते हुए मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

होमगार्ड नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के महानिदेशक अरविंद कुमार ने अपने स्थापना दिवस पर प्रेषित संदेश में कहां की एसडीईआरएफ के गठन के बाद होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल में नित नई ऊंचाइयों को छुआ है उन्होंने लिखा कि विगत वर्ष में 16,798 व्यक्तियों को सुरक्षित बचाया गया एवं इस वर्ष माह नवंबर तक 18,464 पीड़ितों को होमगार्ड बल द्वारा सुरक्षित बचाया गया। कलेक्टर बैंस द्वारा जवानों को प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किए।

## सार समाचार

### राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध राजपूत करणी सेना का बंद आज

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की जघन्य हत्या के विरोध में करणी सेना ने कल 7 दिसंबर गुरुवार को मध्य प्रदेश बंद का आह्वान किया है। करणी सेना ने समस्त व्यापारियों से अनुरोध किया है कि कल 7 दिसंबर 2023 दिन गुरूवार को अपना अपना प्रतिष्ठान बंद रखकर करणी सेना के विरोध में अपना समर्थन प्रदान करें।

### लोक अदालत में संपत्तिकर अधिभार, जल उपभोक्ता प्रभार में मिलेगी भारी छूट

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 09 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में सपत्तिकर अधिभार, जल उपभोक्ता प्रभार में मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल द्वारा छूट प्रदान की जा रही है। मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल के द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम, अधिनियम 1956 की धारा 162 एवं 163 तथा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961, की धारा 130, 131 तथा 132 में निहित शक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन द्वारा संपत्तिकर अधिभार जल उपभोक्ता प्रभार में निम्न शर्तों के साथ छूट प्रदान की गई है। जिनमें संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50000 रूपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट। संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50000 रूपए से अधिक तथा 100000 रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट।

# रेडक्रास क्रियान्वयन समिति को और अधिक सुदृढ करें : कलेक्टर




**नर्मदापुरम,देशबन्धु।।** रेडक्रास की क्रियान्वयन समिति को और अधिक सुदृढ करें। उप समितियों का भी गठन किया जाए। ताकि चिन्हित स्वास्थ्य सेवा संबंधी गतिविधियों के लक्ष्य को समय पर पूर्ण किया जा सके। यह बात कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला रेडक्रास प्रबंध समिति की बैठक में कहीं। बैठक में रक्तदान शिविर, शव वाहन के उपयोग, सिकलसेल एनीमिया के प्रति जागरूकता, नेत्र परीक्षण,जूनियर रेडक्रॉस समिति के क्रियान्वयन इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि कार्ययोजना बनाकर जिले में रक्तदान शिविरों को प्रभावी ढंग से आयोजन किया जाए। जिले में अन्य जगहों पर भी ब्लड बैंक शुरू किए जाएं। बैठक में कलेक्टर ने शव वाहन के उपयोग की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस के शव वाहन का समय पर जरूरतमंदों को लाभ मिले। शव वाहन का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। जिला चिकित्सालय सहित प्रमुख निजी अस्पतालों मे शव वाहन के मोबाइल नंबर सहित बैनर भी लगाया जाए ताकि जरूरतमंद रेड क्रॉस द्वारा दी जारी सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठा सके। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया के प्रति जन जागरूकता गतिविधियां भी निरंतर आयोजित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के इलाज के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट के संबंध में विशेष प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि जूनियर रेड क्रॉस समिति को सक्रिय कर बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों के नेत्र परीक्षण का कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की नशा मुक्ति, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों में सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को भी जोड़ा जाए। बैठक में बताया गया कि शीघ्र ही जिले के माखननगर और इटारसी में रेडक्रॉस की उप शाखा भी प्रारंभ होगी। बैठक के अंत में रेडक्रॉस समिति के सदस्य द्वारा विधानसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, सिविल सर्जन एवं सचिव रेड क्रॉस समिति सुधीर विजयवर्गीय, डॉ राजेश महेश्वरी, चेयरमैन चन्द्र गोपाल मलैया, वाइस चेयरमैन अनिल अग्रवाल, डॉ उमेश सेठा, गौरव सेठ सहसचिव, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, डॉ आंनद पाठक, डॉ रविन्द्र गंगराड़े, डॉ रविकांत शर्मा, उदित द्विवेदी, डी एस डांगी, नीरज फोजदार विपिन जैन, डॉ आनंद पाठक, प्रदीप मिश्रा, देवदत्त गौर डॉ वसंत जोशी, शेर सिंह बड़कुर उपस्थित रहें।

नपा अध्यक्ष ने किया सीएसएम बस स्टैंड का निरीक्षण

# छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड में जल्दी ही बसें रुकेंगी



### यात्री सुरक्षा के लिए 12 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए

**इटारसी, देशबन्धु।** पुरानी इटारसी में नगरपालिका द्वारा जनता की सुविधा के लिए बनाया गया छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया।

इस दौरान सीएमओ रितु मेहरा, उपयंत्री आदित्य पांडे मौजूद थे। बस स्टैंड पर लगभग सारी यात्री सुविधाएं जुटा ली गई हैं। अब जल्दी ही यहां बसें यात्रियों के लिए रुकना शुरु हो जाएंगी। आरटीओ विभाग ने भी बस स्टैंड संचालन के सारे नियम पूरे कर दिए हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि पुरानी इटारसी के बस स्टैंड पर यात्री सुविधा पूरी कर ली गई हैं। यहां पर प्रतीक्षालय में यात्रियों के लिए कुर्सी लगाई जा रही हैं, सुलभ कॉम्प्लेक्स भी सुलभ इंटरनेशनल को संचालित करने के लिए दिया जा रहा है। रात्रि में लाइट की व्यवस्था कर दी गई है। यात्रियों के पेयजल के लिए वॉटर कूलर लगाया गया है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए यहां 12 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। श्री चौरे ने बताया कि उन्होंने आरटीओ निशा चौहान से चर्चा की है, उन्होंने बताया कि बस स्टैंड संचालन के लिए जो प्रक्रिया होती है वह उनके विभाग ने पूरी कर दी है।

### बस ऑपरेटर्स से करेंगे मीटिंग

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि जल्दी ही सभी बस ऑपरेटर्स से मीटिंग करेंगे। उन्हें नए बस स्टैंड पर बसें रोकने के लिए निर्देशित किया जाएगा। इसके अलावा उन्हें बस स्टैंड पर क्या-क्या सुविधाएं उनके हिसाब से चाहिए वह भी पूछेंगे। यह कार्य जल्दी ही पूरा होगा।

# करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में हुआ धरना प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के खिलाफ नर्मदापुरम सहित समूचे प्रदेश में भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। बुधवार को शहर में राजपूत और करणी सेना के सदस्यों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। अचानक सड़क पर बैठने से भोपाल, रसूलिया जाने वाले रोड पर यातायात बाधित हो गया। करीब 30 मिनिट तक लगे जाम से शहर का यातायात अस्त व्यस्त हो गया। करणी सेना के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने कहा कि कलेक्टर, एसपी के पास हमारे लिए समय नहीं। जो यहां आकर ज्ञापन ले सकें। ज्ञात हो कि 5 दिसंबर को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों की पहचान कर ली है। हत्या के विरोध में कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहा है। नर्मदापुरम में भी बुधवार को करणी सेना राजपूत समाज के लोग महाराणा प्रताप चौक पर एकत्र हुए। बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग महिला-पुरुष उपस्थित एकत्र हुए। अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि दी गई। फिर सभी रैली के रूप में ओवर ब्रिज तिराहे पर पहुंचे। जहां चक्काजाम लगा दिया। ज्ञापन लेने पहुंची डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर और तहसीलदार से करणी सेना के प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कलेक्टर या एसपी को बुलाया जाएं। हम उन्हें ज्ञापन देंगे। कलेक्टर, एसपी को बुलाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी पहले ओवरब्रिज पर बैठे। कुछ देर बाद ओवरब्रिज तिराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीओपी पराग सैनी, डीएसपी संतोष मिश्रा से करणी सेना जिला अध्यक्ष विकास सिंह पवार ने कहा कलेक्टर, एसपी, एएसपी के पास इतना समय नहीं कि यहां आकर हमारी बातें सुन पाएं। कल को अगर कोई उग्र घटना होती है या लाइन ऑर्डर बिगड़ा है, तब तो कलेक्टर, एसपी मौके पर आएंगे। दोपहर करीब 2.15 बजे एएसपी आशुतोष मिश्रा मौके पर पहुंचे। समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग कि करणी सेवा के अध्यक्ष की हत्या करने वाले हथियारों के तुरंत गिरफ्तारी हो और उन्हें फांसी दी जाए। मांग पूरी नहीं होने पर करणी सेना देशभर में उग्र प्रदर्शन करेगी। 2.15 बजे ज्ञापन के बाद जाम खत्म हुआ।

राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों पर उठ रहीं ऊंगलियां

# धड़ल्ले से चल रहा जुएं सट्टे का अवैध कारोबार



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** बनखेड़ी थाना इलाके में इन दिनों जुआरियों-सटोरियों को बोलवाला है। जुएं और सट्टे का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। ऐसा नहीं है कि पुलिस इस मामले से अनजान है, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते वह सटोरियों और जुआरियों पर हाथ डालने से कतराती है। हालांकि कुछ पर पुलिस के विभागीय लोगों की मेहरबानी होती है, जिससे ये बखौफ सट्टे और जुएं अपना अवैध धंधा चला रहे हैं।

आलम यह है कि शहर में कुछ प्रमुख स्थानों पर सट्टे की पर्चियां लिखी जा रही हैं, वहीं सट्टे के फड़ भी जम रहे हैं। पुलिस आती है दबिश देती है और कभी-कभार छापा मारकर औपचारिकता पूरी की जाती है। पुलिस सख्ती से कार्यवाही इसलिए नहीं कर पाती कि सट्टे का कारोबार और जुए के अवैध अड्डे चलाने वालों में राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों के नाम भी शामिल है।

### गांव में बिछती है जुए की फड़

थाना क्षेत्र बनखेड़ी के ग्राम डूमर, चांदोन, उमरधा माल्हनवाड़ा, जुन्हेटा, महुआखेड़ा जैसे अनेक ग्राम शामिल है, जहां पर जुए के अड्डे चल रहे हैं। जुआरी किसी शातिर खिलाड़ी की तरह जमकर बड़े दाव लगाते हैं। पुलिस कार्यवाही से बचने के लिए सटोरियों ने मुखबिर भी पाल रखे हैं।

### यहां लिखा जाता है सट्टा

नगर के मुख्य चौराहा और नयाखेड़ा चौराहा भी पर खाईबाज खुलेआम सट्टा लिखते हैं। पुलिस को मालूम होने के बाद भी इन खाईबाजों को रंगे हाथों नहीं पड़ती कहीं ना कहीं मिली भगत की ओर इशारा करता है।

### कार्रवाई के नाम पर पुलिस करती है खानापूर्ति

- बता दें कि बनखेड़ी पुलिस क्षेत्र में चल रहे जुआ सट्टा के मामलों पर कभी कावार कार्रवाई कर देती है। इसी कड़ी में विगम दिवस में 2 ग्रामों में अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर जुआ फड़ से जुआरियों को पकडा गया। सोमवार को जुन्हेटा और चांदोन में चल रहे जुआं को पकड़ा गया, लेकिन पुलिस ने मंगलवार को जुआ एक्ट की कार्यवाही की है। जिसमें जुन्हेटा से पकड़े जुआरी आरोपी सुंदर पिता भोजराज गुर्जर 50 वर्ष और उसके अन्य 8 साथी शामिल हैं। जिनके पास से नगद 9540 रुपए और ताश के पत्ते बरामद किए गए। इसी के साथ चांदोन से पकड़े जुआडी आरोपी अशफाक पिता वहीद खान 19 साल और उसके 4 अन्य साथियों के पास से 1020 रुपए बरामद कर पुलिस ने जुआ 2 प्रकरण दर्ज किए गए। जबकि सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि जुन्हेटा में लाखों की फड़ चल रही थी, जहां से महज 9540 की जप्त पर अब चर्चा का विषय बनी है।

ज्ञापन हत्यारों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

# करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हाईवे किया जाम

**सोहागपुर, देशन्बन्धु।** जयपुर में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेंडी की हत्या के विरोध एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे करणी सेना का गुस्सा उस समय भड़क गया, जब कार्यालय में एसडीएम नहीं मिले। करणी सेना के सदस्यों के इसके बाद बस स्टैंड के पास राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे कि आवागमन बाधित हुआ और लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

चक्काजाम की खबर मिलने के बाद एसडीएम बृजेंद्र रावत, तहसीलदार अलका इक्का, एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी एवं चंद्रकांत पटेल मौके पर पहुंचे और करणी सेना के कार्यकर्ताओं से बात की और उन्हें समझा कर जाम खुलवाया। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हत्यारे को जल्द पकड़कर कड़ी सजा देने की बात कही। इस दौरान बड़ी संख्या में करणी सेना एवं राजपूत समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई।



# कियोस्क संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी का मामला पंजीबद्ध

**इटारसी, देशबन्धु।** सिटी पुलिस के पास पुरानी इटारसी के एक फोटोकापी संचालक द्वारा जालसाजी, धोखाधड़ी का मामला आया है जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है। दरअसल मामला शासकीय राशि में हेरफेर से जुड़ा बताया जाता है।

पुलिस थाना इटारसी में कोर्ट के लिपिक शिकायत दर्ज करायी है कि एमपी ऑन लाइन के सेवा प्रदाता साईंकृपा फोटोकॉपी संचालक ने न्यायालयों में पेश समरी प्रकरणों में अर्थदंड की राशि एवं आरसीटी प्रकरणों में मुचलका जब्ती की राशि में गड़बड़ी की है।

न्यायालय में पदस्थ निष्पादन लिपिक ने थाना प्रभारी आरक्षी केंद इटारसी के नाम से एमपी ऑनलाइन के सेवा प्रदाता साई कृपा फोटो कपी पुरानी इटारसी के संचालक के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही करने बाबत एक लिखित आवेदन ऑर्डर शीट एवं सायबर ट्रेजरी की संलग्न 36 रशीद के साथ पेश किया। पुलिस ने आवेदन का अवलोकन कर प्रथम दृष्टया आरोपी एमपी ऑनलाइन के सेवा प्रदाता साई कृपा फोटो कपी पुरानी इटारसी के संचालक के विरुद्ध अपराध धारा 409, 420, 467,468,471 भादवि का पाया जाने से पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### इस तरह है मामला

न्यायालय में पेश समरी प्रकरणों में अर्थदंड की राशि एवं आरसीटी प्रकरणों में मुचलका जब्ती की राशि ऑनलाईन जमा करने के निर्देश दिये जाने के उपरांत राशि जमा करने पर इस न्यायालय में सेवा प्रदाता द्वारा रसीद पेश की जाती है। पीठासीन अधिकारी के निर्देश पर लिपिक ने न्यायालय में पेश समरी प्रकरणों में अर्थदंड की राशि एवं आरसीटी प्रकरणों में मुचलका जब्ती की राशि की रसीदों का क्यूआर कोड से ऑनलाईन मिलान किया तो साइबर टेजरी एमपी की वेबसाइट पर जमा राशि एवं न्यायालय में प्राप्त रसीद में उल्लेखित राशि में भिन्नता पायी गयी है। प्रास रसीदों का मेरे द्वारा क्यू आर कोड से मिलान करने उपरांत यह पाया गया कि 11 समरी प्रकरण एवं एक आरसीटी प्रकरण में ऑनलाइन बेबसाइट एवं न्यायालय में पेश रसीद की प्रति में जमा की गयी राशि, यूआरएन नंबर, सीआईएन नंबर एवं सीआरएन नंबर में भिन्नता है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ





**इटारसी, देशबन्धु।** जैन समाज के पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन आज प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान का जन्म हुआ। प्रातः 8 बजे भगवान प्रकट हुए, चारों तरफ खुशियां छा गई। सभी लोग नृत्य करने लगे, झूमने लगे, सची इंद्राणी भगवान को लेकर गर्व करती हुई, इठलाती हुई, अपनी खुशी का इजहार कर रही थीं, तो वही सौधर्म इंद्र उनसे अनुनय विनय कर रहे थे कि एक बार उस बालक को मेरे हाथ में दे दो। यह दृश्य बहुत ही मनोरम था। भगवान के जन्म के पश्चात सकल जैन समाज द्वारा ऐतिहासिक जन्माभिषेक शोभायात्रा निकाली गई।

अलग-अलग स्थान से आए चार बैंड पार्टी, 11 बग्गी, 3 हाथी पर जब सौधर्म इंद्र, कुबेर इंद्र, महायज्ञानायक, भरत चक्रवर्ती आदि मुख्य पात्र सुसजित होकर निकले, तो पूरा शहर शोभा यात्रा की अगवानी और उसका स्वागत करने उमर पड़ा। जैन समाज के शोभा यात्रा का स्वागत जैन अनुयायियों के अतिरिक्त कई अन्य समाज के बंधुओं, रोटरी क्लब एवं कई संस्थाओं द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण किया। शोभा यात्रा जब महावीर जैन स्कूल पहुंची वहां उसी पांडुकशिला पर भगवान को विराजमान कर उनका अभिषेक किया गया जिस पर आज से 13 वर्ष पूर्व पंचकल्याणक के दौरान भगवान का अभिषेक किया था। सभी सामाजिक बंधुओं को पुरानी यादें ताजा हो गई।

कार्यक्रम के दौरान मुनिश्री निर्णय सागर ने प्रवचन देते हुए कहा कि इटारसी का सौभाग्य है कि आज इसी पांडुकशिला पर दूसरा पंचकल्याणक हो रहा है और मैं चाहता हूं कि इसी पांडुकशिला पर तीसरा पंचकल्याणक भी हो। सारे जैन समाज ने हर्ष के साथ गुरुवर की जय जयकार की। जन्मभिषेक के दिन रात्रि में महा आरती करने का सौभाग्य राहुल ऋषि जैन मांगीलाल जैन वर्धमान मेडिकल परिवार को प्राप्त हुआ। सभी महिला एवं पुरुषों में भगवान को पालना झूलाने की होड़ लगी रही। पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष सुभाष जैन एवं सचिव अरविंद गोयल ने आभार व्यक्त किया। पंचकल्याणक समिति के प्रवक्ता निलेश जैन ने बताया कि कल भगवान का तप कल्याणक अर्थात वैराग्य की ओर जन्मे बालक भगवान का अग्रसर होना बताया जाएगा। समिति के महामंत्री दीपक जैन ने द ग्रैंड एवेन्यू कॉलोनी के सभी रहवासियों एवं इटारसी शहर के सभी जन से आग्रह करते हुए उन्हें निमंत्रित किया है कि पाषाण से भगवान बनने की इस प्रक्रिया में सभी आवश्यक रूप से पधारें।

# होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह गरिमामय और उत्साह पूर्वक मनाया गया

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 77 वॉ होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह होमगार्ड लाईन में बुधवार को गरिमामय एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका नीतू महेन्द्र यादव, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा एवं सेवानिवृत्त डिवीजनल कमांडेन्ट होमगार्ड एमएल हनोतिया के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। स्थापना दिवस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट भीमसिंह राजपूत, अर्जुनसिंह राजपूत, रक्षित निरीक्षक विजय कुमार दुबे, नरेन्द्र पटेल, सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के संरक्षक केएस राजपूत, अरुण दीक्षित एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम में होमगार्ड जवानों द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि को परेड कमांडर शिवराज चौधरी प्लाटून कमांडर द्वारा सलामी दी गई एवं परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। महानिदेशक होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के संदेश का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवानों द्वारा कानून व्यवस्था, निर्वाचन, व्हीआईपी ड्युटी एवं आपदा प्रबंधन विशेषकर विभिन्न पर्वो त्यौहारों पर, पुलिस विभाग के साथ कंधे से कंधे मिलाकर अपनी ड्यूटी का निर्वाहन करते है एवं माँ नर्मदा के विभिन्न घाटों पर सुरक्षा ड्युटी एवं बाढ के दौरान किये गये कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। होमगार्ड कानून व्यवस्था ड्यूटी के साथ साथ आपदा प्रबंधन एवं बाढ प्रबंधन में भी अपनी अति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन कर रहा है। वर्ष के दौरान कानून व्यवस्था ड्यूटी, व्हीआईपी ड्यूटी, नागद्वारी मेला ड्युटी, बान्द्रभान मेला ड्युटी, अमावस्या, पूर्णिमा ड्युटी एवं वर्षाकाल के दौरान आपदा एवं राहत बचाव कार्य करने वाले होमगार्ड, एसडीईआरएफ के जवानों, कार्यालयीन कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी एवं आपदा में सहयोग करने वाले को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा साहसिक एवं उत्कृष्ट कार्य की सराहना की जाकर प्रशस्ति पत्र प्रदाय किये गये ताकि भविष्य में और अच्छे कार्य के लिये प्रोत्साहित हो। कार्यक्रम का संचालन ललितमोहन यादव एवं आभार प्रदर्शन ओपी रघुवंशी एएसआईएम द्वारा किया गया।



डॉ. अम्बेडकर को मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, कहा-

# डॉ. अम्बेडकर ने गरीबों, दलितों और शोषितों की जिंदगी बदलने के लिए संघर्ष किया




**भोपाल, देशबन्धु।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को भाजपा ने प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए। पार्टी नेताओं ने भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने माल्यार्पण किया। उनके साथ ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डॉ. अंबेडकर का पुण्य स्मरण किया, पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारत का संविधान लिखा और हम संविधान को प्रणाम करते हैं। उन्होंने गरीबों, दलितों और शोषितों की जिंदगी बदलने के लिए लगातार संघर्ष किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान के निर्माण के अलावा सामाजिक न्याय के साथ राष्ट्रीय एकता और अंखडता को एक सूत्र में बांधने का काम किया। उनके विचारों ने हमें संविधान के मूल तत्वों पर मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री माखनसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जुगलकिशोर शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, पैनलिस्ट सचिन वर्मा, श्रीमती वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्य सत्येन्द्र जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।





विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम 16वीं विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद भोपाल पहुंचे। उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात की। श्री गौतम विधानसभा भी पहुंचे।

## अध्यक्ष गिरीश गौतम सहित 31 विधायक पहुंचे विधानसभा

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के पहुंचने का सिलसिला जारी है अध्यक्ष सहित गिरीश गौतम सहित 31 विधायक आज विधानसभा पहुंचे। विस पहुंचने वाले नवनिर्वाचित विधायकों में गिरीश गौतम (विधानसभा अध्यक्ष), सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, अजय अर्जुन सिंह, यादवेंद्र सिंह, सुजीत मेरसिंह चौधरी, प्रदीप पटेल, रामनिवास रावत, नितेन्द्र सिंह राठौर बृजेन्द्र प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

डीजीपी से प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने की मुलाकात

# ईमानदारी, गंभीरता, कठोर परिश्रम ही आपको अधिकारी साबित करेंगे : सक्सेना



**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय में आज पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना से मध्यप्रदेश कैडर के 75 आरआर के प्रशिक्षु भारतीय पुलिस अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इनमें सुश्री अनु बेनिवाल, राहुल देशमुख, आदित्य पाटले, करमवीर सिंह, ओम प्रकाश, सर्वप्रिय सिन्हा शामिल थे।

श्री सक्सेना ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अकादमिक तथा फील्ड प्रशिक्षण पूरी तन्मयता से प्राप्त करें। गंभीरता, व्यावसायिक दक्षता, कठोर परिश्रम, ईमानदारी, संतुलित आचरण तथा सद्यवहार से ही आप आदर्श पुलिस अधिकारी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने कई गौरवशाली कार्य करते हुए प्रदेश ही नहीं देश भर में गंभीर चुनौतियों का समाधान करने में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन किया है। मध्यप्रदेश में डकैत का उन्मूलन, आसामाजिक तथा राष्ट्रविरोधी संगठनों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही, नक्सली समस्या के समाधान तथा महिला सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में जन अपेक्षाएं भी बड़ी हैं अत: व्यावसायिक उत्कृष्टता, पारदर्शिता एवं व्यवहार कुशलता से ही आप इन अपेक्षाओं पर खरे उतर सकते हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकविजय कटारिया, पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती दीपिका सूरी, सहायक निदेशक पुलिस अकादमी नीरज पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

77 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

## होमगार्डस् ने साहस और शौर्य का आद्भुत प्रदर्शन किया: महानिदेशक

**भोपाल, देशबन्धु।** होमगार्ड के जवानों ने आपदा के समय अद्भुत साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड्स महानिदेशक अरविंद कुमार होमगार्ड्स नागरिक सुरक्षा एवं आपदा, आपातकालीन मोचन बल के 77 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसडीईआरएफ के जवानों ने आपदा बचाव कार्यों का अद्भुत प्रदर्शन किया, होमगार्ड के जवानों ने बेहतरीन कार्य किया है। होमगार्ड के जवान आपदा में देश की सीमाओं पर कार्य करने वाले सेना के जवानों की तरह ही कार्य करते हैं। उनका साहस और शौर्य अतुलनीय और अभिनंदनीय है। उन्होंने हाल ही में हुई लगातार अतिवर्षा से बाढ़ आपदाओं की विषम परिस्थितियों में आम नागरिकों का बचाव कर त्वरित राहत देकर कठिन एवं महत्वपूर्ण ड्यूटी अत्यंत सफलता से सम्पादित करने पर प्रशंसा की।

इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई, जिसमें होमगार्ड्स तथा एसडीईआरएफ के प्लाटून शामिल रहे। सलामी के बाद उप पुलिस महानिरीक्षक होमगार्ड्स एवं आपदा प्रबंधन महेश चंद जैन द्वारा मुख्य अतिथि को परेड निरीक्षण कराया गया। परेड कमाण्डर का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट आगर-मालवा हर्ष कुमार



जैन तथा टूआईसी प्लाटून कमाण्डर दीपेश पाटीदार इन्दौर ने किया। कार्यक्रम में सीबीआई ज्वाइंट डायरेक्टर रमणीश गीर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल अवधेश गोस्वामी, सेवानिवृत्त एडीशनल कमाण्डेंट जनरल, होमगार्ड्स एम.एस. ग्रेवाल सहित अन्य अधिकारी और होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

मुख्य अतिथि महानिदेशक अरविंद कुमार ने आपदा के समय उत्कृष्ट कार्य करते हुए लोगों की जान-माल बचाने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम में होमगार्डस् सैनिकों के 10वीं, 12वीं और उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

# कांग्रेसजनों ने किया डॉ. अम्बेडकर का पुण्य स्मरण



**भोपाल, देशबन्धु।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व पूर्वान्ह कांग्रेसजनों ने जहांगीराबाद, लिली टॉकीज चौराहा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर और बोर्ड आफिस चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने संचालन करते हुए बताया कि डॉ.भीमराव अंबेडकर ने आजादी के बाद देश में नागरिकों को स्वतंत्रता से जीवन यापन करने के लिए संविधान बनाया, जिसमें जनता को मौलिक अधिकार दिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, गुड्डू चौहान, निकेश चौहान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, ऋचा गोस्वामी, सुबोध जैन, हीरालाल श्रीवास, अनिल जाधव, संजय सावकारे, कमलेश यादव और बद्री यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

सदन में विपक्ष ने देश की आर्थिक स्थिति पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार पर उठाए सवाल

# सिर्फ वादे ही करती आ रही केंद्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद में देश की आर्थिक स्थिति पर सदन में मंगलवार से जारी चर्चा में कांग्रेस के विवेक तन्खा ने कहा कि सरकार तारीख पर तारीख देती आ रही है लेकिन देश में विकास अब तक नहीं आया और सरकार केवल वादे ही करती आ रही है। उन्होंने कहा कि हर चीज महंगी होती जा रही है और बेरोजगारी की दर निरंतर बढ रही है। रुपया निरंतर गिरता जा रहा है और कृषि क्षेत्र की हालत खराब है ऐसे में आर्थिक वृद्धि कहां है।

उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था उसके सभी पैमानों की कसौटी पर विफल है। कांग्रेस की जेबी माथेर हीशम ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल में देश में दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास का जो दावा कर रही है वह भ्रमित करने वाला है क्योंकि गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रत्येक भारतीय पर ऋण ढाई गुना से अधिक बढ़ा है। देश में वर्ष 2013-14 में बेरोजगारी दर चार प्रतिशत से कुछ अधिक थी लेकिन पिछले नौ वर्षों में बढ़कर यह अभी 7.90 प्रतिशत पर पहुंच गई है। तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार और द्रमुक के पी बिल्सन ने भी अर्थव्यवस्था को लेकर अपने विचार रखे और अर्थव्यवस्था से जुड़े आंकड़ों पर सरकार



**रुपया निरंतर गिरता जा रहा है व कृषि क्षेत्र की हालत खराब है ऐसे में आर्थिक वृद्धि कहां है : विवेक तन्खा**

की ओलाचना की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की डा. फौजिया खान ने कहा कि आर्थिक वृद्धि केवल आंकड़े नहीं होते और इसके लिए जमीनी हकीकत का आकलन किया जाना चाहिए। देश में बेरोजगारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कवि देवी प्रसाद मिश्र की कविता 'बेरोजगार' की कुछ लाइनें भी पढ़ी। कविता में बेरोजगार युवक की व्यथा बताते हुए कहा गया है, यह सवाल उसे शर्मिंदा करता है कि वह क्या कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में आत्महत्या करने वालों में नौ प्रतिशत बेरोजगार हैं।

लोगों को आंकड़ों की भूलभुलैया में उलझा रहा है सत्ता पक्ष : सपा

समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने कहा कि आंकड़ों के बजाय देश के गांवों की जमीनी हकीकत अर्थव्यवस्था की वास्तविक तस्वीर पेश करती है। यादव ने देश की आर्थिक स्थिति पर सदन में कहा कि सत्ता पक्ष अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर लोगों को आंकड़ों की भूलभुलैया में उलझा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि आंकड़ों से ही अर्थव्यवस्था की हालत का पता चलता है तो प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत का नम्बर 190 देशों में 130 वां है। भुखमरी के अंतरराष्ट्रीय सूचकांक में भी 125 देशों में भारत का नम्बर 111 वां है।

उन्होंने कहा कि केवल आंकड़े अर्थव्यवस्था की वास्तविक हालत पेश नहीं करते इसके लिए जमीनी तस्वीर को देखना जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस के सांतनु सेन ने कहा कि देश में दो डॉलर से कम की दैनिक आय वाले लोगों की संख्या करोड़ो में है। देश में पश्चिम बंगाल के साथ दोहरा व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राजनीति तौर पर नहीं हराने के कारण केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रदेश के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। बीजू जनता दल के अमर पटनायक ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार के लगातार प्रयासों से भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती आई है। कोविड काल और यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण जहां दुनिया भर की अर्थव्यवस्थायें धीमी पड़ रही हैं, वहीं मोदी सरकार की कुशल आर्थिक नीतियों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है।

## अर्थव्यवस्था की गलत तस्वीर पेश कर रहा है सत्ता पक्ष : भाकपा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम ने कहा कि सत्ता पक्ष अर्थव्यवस्था की गलत तस्वीर पेश कर रहा है और सच्चाई यह है कि देश में लोग भूखे और बेरोजगार हैं। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल प्रचार के बल पर देश की सुंदर तस्वीर पेश कर रही है जो हकीकत से दूर है। झामुमो की महुआ माजी ने कहा कि सत्ता पक्ष देश को विश्वगुरू बनाने की बात कर रहा है लेकिन वह यह भूल जाता है कि इसके लिए पहले आर्थिक मजबूती की जरूरत होती है जब देश का नागरिक आर्थिक रूप से मजबूत होगा तो वह कला, संस्कृति और ज्ञान को समृद्ध करेगा तो देश विश्व गुरू अपने आप बन जाएगा। उन्होंने सेनाओं की लिए शुरू की गई अग्निपथ योजना की भी आलोचना की और कहा कि सेना से लौटने वाले अग्निवीर का आगे का जीवन अनिश्चित रहता है।

शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि रुपया तेजी से गिर रहा है। यह चिंतनीय है। इसके असर महंगाई में वृद्धि हो रही है।

देश में अमीर-गरीब का अंतर बढ़ रहा है। देश में परिसंपदा कुछ हाथों में केंद्रित होती जा रही है। वाईएसआरसीपी के अयोध्या रामी रेड्डी ने कहा कि देश में अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जान ब्रिटास ने कहा कि केरल को उसका वित्तीय आवंटन चुकाना चाहिए। यह धन जन कल्याण पर खर्च किया जाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार प्रचार में जुटी हुई है जबकि जमीनी वास्तविकता अलग है। भाजपा के नागेंद्र राय ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और लोगों को इसका लाभ पहुंच रहा है। तृणमूल कांग्रेस के अबीर रंजन विस्वास ने सरकार पर जांच एजेन्सियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक हित साधने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार का किसानों की आय दोगुना करने का वादा अभी तक अधूरा है। सदस्य ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बेचने का भी आरोप लगाया। सरकार की नीतियों से अमीर अधिक अमीर और गरीब अधिक गरीब होता जा रहा है।

तेलंगाना में नामांकन दाखिल करते समय हलफनामे में चुनाव आयोग को दी गई जानकारी में खुलासा

# छह विधायकों के पास सौ करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के गद्दाम विवेकानंद नवनिर्वाचित तेलंगाना विधानसभा में सबसे अमीर विधायक हैं, जिनकी घोषित पारिवारिक संपत्ति 606 करोड़ रुपए से अधिक है। नामांकन दाखिल करते समय एक हलफनामे में चुनाव आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार, 119 विधायकों में से छह विधायकों के पास।

सौ करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। उनमें से पांच सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी से हैं और एक भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से है। सोलह विधायकों के पास 50 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की संपत्ति है. कम से कम 90 लोगों के पास 50 करोड़ रुपए से कम की संपत्ति है और केवल सात ऐसे हैं जिन्होंने 1 करोड़ रुपए से कम की संपत्ति





■ **सोलह विधायकों के पास 50 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की है संपत्ति**

घोषित की है। चुनाव से एक महीने पहले ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले विवेकानंद मंचेरियल जिले के चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। विवेक, जैसा कि उद्योगपति राजनेता लोकप्रिय रूप से जाने जाते हैं, विसाका इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। उनकी पत्नी सरोजा कंपनी की प्रबंध निदेशक हैं। 66 वर्षीय पूर्व सांसद के पास उस्मानिया विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री भी है। 2009 में कांग्रेस के टिकट पर पेद्दापल्ली से लोकसभा के लिए चुने गए विवेक कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत जी.वेंकटस्वामी के बेटे हैं। विवेक के भाई और पूर्व मंत्री जी. विनोद भी कांग्रेस से हैं, जो सबसे अमीर विधायकों में से एक हैं। बेल्लमपल्ली से निर्वाचित, उन्होंने 197 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की।

458 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ कांग्रेस पार्टी के कोमाटिरेट्टी राजगोपाल रेड्डी दूसरे सबसे अमीर विधायक हैं। वह नलगोंडा जिले के मुनुगोडे निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। उन्होंने भी चुनाव से एक महीने पहले बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में वापसी की थी। भाजपा में शामिल होने से पहले वह पिछले साल अगस्त तक कांग्रेस में थे लेकिन मुनुगोडे से उपचुनाव हार गए।

कांग्रेस पार्टी के पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी तीसरे सबसे अमीर विधायक हैं, जिनकी घोषित पारिवारिक संपत्ति लगभग 434 करोड़ रुपए है। खम्मम जिले के पलेयर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीतने वाले पोंगुलेटी कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए सत्तारूढ़ पार्टी बीआरएस द्वारा निलंबित किए जाने के कुछ महीने बाद जुलाई में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण पोंगुलेटी ने हलफनामे में बताया कि वह कृषक, सामाजिक कार्यकर्ता और व्यवसायी हैं जबकि उनकी पत्नी कृषक और व्यवसायी हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री पी. सुदर्शन रेड्डी की कुल संपत्ति 102 करोड़ रुपये से अधिक है। मेडक सांसद के. प्रभाकर रेड्डी, जो दुब्बाक से चुने गए हैं, 100 करोड़ रुपए से अधिक क्लब में अकेले बीआरएस विधायक हैं। उन्होंने 197 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। बीआरएस पार्टी के मल्ला रेड्डी, जो केसीआर कैबिनेट में मंत्री थे और इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य पेशेवर कॉलेजों और अस्पतालों की श्रृंखला के मालिक हैं, ने पारिवारिक संपत्ति 95.93 करोड़ रुपये घोषित की थी। मल्ला रेड्डी, जिन्होंने केवल 12वीं कक्षा की पढ़ाई की थी, बीआरएस टिकट पर मेडचल निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुने गए।

## संसद से

### राज्यसभा में उठी भारत- बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी करने की मांग

भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम बंगाल से सदस्य नगेन्द्र राय ने भारत बंगलादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तारबंदी किए जाने की मांग उठाते हुए बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कुछ इलाके में तारबंदी नहीं है जो देश के लिए खतरा बन गया है। राय ने शून्यकाल के दौरान सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में तारबंदी नहीं है वहां से अवैध रूप से बंगलादेश से लोग आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल में आने पर उनका नन्न सिर्फ वोटर कार्ड बनाया जाता है बल्कि उनको सभी सुविधायें दी जा रही है जो देश में लिए बहुत बड़ा खतरा हो सकता है।

### तेन्दु पत्ता पर जीएसटी वापस लिया जाए : पात्रा

ओडिशा से बीजू जनता दल सदस्य सस्मित पात्रा ने बुधवार को राज्यसभा में मांग की कि केंद्र सरकार को तेंदु पत्ता पर लगाए गए 18 प्रतिशत जीएसटी को तत्काल वापस लेना चाहिए। पात्रा ने सदन में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि इसको लेकर राज्य सरकार भी केंद्र को कई बार पत्र लिख चुकी है लेकिन केंद्र सरकार इस जीएसटी को वापस नहीं ले रही है जिससे तेंदु पत्ता के माध्यम से जीवनयापन करने वाले परिवार बूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। बीजद के नरेन्द्र बिशी ने राज्य के तीतलागढ़ में केंद्रीय विद्यालय बनाए जाने की मांग की। इस इलाके में केन्द्रीय विद्यालय की महत्ती जरूरत है।

### ओडिशा में पीएम आवास योजना के तहत राशि जारी करने की मांग

बीजू जनता दल के अमर पटनायक ने बुधवार को राज्यसभा में मांग की कि ओडिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सात लाख घरों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार तत्काल राशि जारी करे। पटनायक ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग करते हुए कहा कि इस योजना के तहत ओडिशा सरकार ने 15 लाख घरों के निर्माण को मंजूरी दी थी जिमेंन से साढ़े तीन वर्षों में आठ लाख घरों का निर्माण कराया जा चुका है और सात घरों का निर्माण किया जाना शेष है। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए है और उनको लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र को शेष सात लाख घरों के निर्माण के लिए राशि जारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार ने माय हाउस स्कीम शुरू की है और इसके तहत भी गरीबों को घर दिया जा रहा है।

### कोयले का उत्पादन एक अरब टन होने का अनुमान : प्रहलाद जोशी

सरकार ने लोकसभा में कहा कि देश में कोयले का उत्पादन करीब एक अरब टन होने की संभावना है और आने वाले समय में कोयले का आयात बंद किया जाएगा। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पहले देश में 54 करोड़ टन से लेकर 56.50 करोड़ टन तक कोयले का उत्पादन होता था, लेकिन इस बार यह आंकड़ा एक अरब टन का होने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत कोयला उत्पादन के मामले में न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि आने वाले समय में इसका आयात बंद कर दिया जाएगा।

### पंजाब में केंद्रीय दल भेजकर चिकन गुनिया की जांच कराएं : औजला

लोकसभा में बुधवार को पंजाब खासकर अमृतसर जिले में चिकनगुनिया के प्रकोप का मुद्दा उठाया गया और इसकी रोकथाम के उपाय तत्काल करने की मांग की गई। कांग्रेस के अमृतसर लोकसभा क्षेत्र के सदस्य गुरजीत सिंह औजला ने शून्य काल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र और इसके निकटवर्ती इलाकों में काफी दिनों से चिकनगुनिया का प्रकोप है। इससे करीब 25 लाख परिवार पीड़ित हैं। इसका कोई सटीक उपचार उपलब्ध नहीं है जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।